दोषोपघातसुभग सकलाङ्गपूर्ण,
नित्य कलङ्करहित परमामृतेद्धम् ।
त्वामेव मन्य उदयाय सुखोदधीना,
विद्योतयज्जगदपूर्वशशाङ्कबिम्बम् ॥ १८ ॥

गुरोर्निर्दोषित्वम्

सूर्येन्दुभाधिकगुणैरनयान्धलाना,
चेत. प्रकाशमुपयाति न चेत्त्वदीयैं ।
आदीनवो न स तवोपरके भवेद्वा
कार्यं कियज्जलधरैर्जलभारनम्रै ॥ १९ ॥

गुरौ गुरुप्रसाद

त्वय्येव सत्यपि गणे गुरुदिव्यदृष्टि-,
पातोऽभवन्निजपदैकविभूषणाय ।
रत्ने यथानुरक्तिरस्ति परीक्षकाणा,
नैव तु काचशकले किरणाकुलेऽपि ॥ २० ॥

सुभाषित-संग्रहः

न धर्मे ज्ञातिगोत्राणा, बन्धन विद्यते क्वचिद् ।
सामाजिकव्यवस्थैव, ज्ञातौ धर्मनिबन्धनम् ॥ १ ॥

वस्तुस्वभाव एव स्याद्, धर्मो ह्युन्नतिसाधक ।
अधस्तनगतात्मान, क्रमेणोच्चै समुद्धरन् ॥ २ ॥

वन्धनं चेद् भवेद्धर्मो, मुमुक्षूणां महात्मनाम् ।
तदत्र कारणं किं स्याद्, मुक्तेर्युक्तिपुरस्सरम् ॥ ३ ॥

संज्ञामपेक्षते नैव, नैव देशमेपक्षते ।
संज्ञादेशमतीत्यैव, धर्मो जगति राजते ॥ ४ ॥

पुंमांसं वा स्त्रियं वापि, आर्यं चैवमनार्यकम् ।
श्रितात्मानं पुनात्येव, धर्मो जलमिवात्मना ॥ ५ ॥

कतकक्षोदसंव्याप्तं जलं निर्मलताम्भजेत् ।
सकर्मात्मा सुधर्मेण, श्रितो निष्कर्मतां श्रयेत् ॥ ६ ॥

यथेन्धनसमूहैश्च, तृप्यत्येव न पावकः ।
गुणैरजस्तमोमुख्यै-र्वाह्यात्मा नैव तृप्यति ॥ ७ ॥

दानशीलतपोभावैः, स वै धर्मः प्रसाध्यते ।
स्वर्गापवर्गसौख्यानि, भवेयुः करणाण्यहो ॥ ८ ॥

शौर्यं धैर्यमसत्यधिक्करणता वुद्धिर्निजात्मोन्नतेः,
कृत्यं नीतिरमायिता च विनयः सम्यग्गुणग्राहिता ।
सत्यं चेन्द्रियजेतृता सदयता स्वस्योपकारिस्मृतिः,
तत्वोहेतिगुणा जनैर्हृदि सदा धेयाः सुधर्मेच्छुभिः ॥

नहि विग्रहो विधेयः

(कव्वालीरागेण गीयते)

जाते विचारभेदे, नहि विग्रहो विधेयः ।
सम्यग्विचारणीयं, नहि विग्रहो विधेयः ॥ १ ॥

वस्तु-स्वरूपवोधे, पूर्णा वयं न यावत् ।
तावत् स्ववोधभेदे, नहि विग्रहो विधेयः ॥ २ ॥

क्रमशो विकाशवत्यो, जनवुद्धयो जगत्याम् ।
अत एव तत्त्वविद्भि-र्नहि विग्रहो विधेय ॥ ३ ॥

स्याद् वक्तुरिच्छयैव, गौणप्रधानभाव ।
प्रतिपादनीयविषये, नहि विग्रहो विधेय ॥ ४ ॥

जैनास्तथैव शैवा, अपि सौगताश्च केचिद् ।
सन्तीह सन्तु किन्तु, नहि विग्रहो विधेय. ॥ ५ ॥

विज्ञान-योगमेके, कर्मादियोगमेके ।
साध्य सम समेषा, नहि विग्रहो विधेय ॥ ६ ॥

वर्णाश्रमाश्रित वा, वर्णोत्तर च धर्मम् ।
शान्त्या विचारयन्ता, नहि विग्रहो विधेय ॥ ७ ॥

वर्णाश्रमाश्रयोऽय, वर्णोत्तरोऽथवायम् ।
धर्मो हि चिन्तनीयो, नहि विग्रहो विधेय ॥ ८ ॥

आध्यात्मिकोऽथवैष , किंवाधिभौतिकोऽयम् ।
धर्मो हि चिन्तनीयो, नहि विग्रहो विधेय ॥ ९ ॥

समाप्तोऽयं संस्कृतविभागः.

हिन्दी विभाग

प्रातःकाल की प्रतिज्ञा

हरिगीत

जल्दी उठेंगे छोड़ निद्रा पुण्य प्रातः कालमें,
मां बाप को वन्दन करेंगे और प्रातः कालमें ।

दर्शन करेंगे मन्दिरों के नित्य प्रातः काल में,
ऐसे नियम पालन करेंगे सत्य प्रातः काल में ॥

विद्या हमें पढ़नी यहाँ वह शीघ्र प्रातः काल में,
बस इसलिये हम भी पढेंगे पाठ प्रातः कालमे ।

सुख संपत्ति बल बुद्धि होती शुद्धि प्रातः काल में ,
जिससे नियम पालन करेंगे सत्य प्रात.काल में ॥

श्री पंच परमेष्ठी वंदना–पञ्चमङ्गल सूत्र

श्री अरिहंत नमुं, नमुं-सिद्ध गुणी भगवान् ।
नमुं आचारज, नमुं–उपाध्याय महान् ॥

नमुं साधु सबलोक में, परमेष्ठी ये पांच ।
इनको नमते पाप की, पास न आवे आंच ॥

मंगल सब संसार में, आदि मंगल थान ।
परमेष्ठी को वंदना, नित कीजे चतुर सुजान ॥

सुगुरु वन्दन–प्रणिपात सूत्र

क्षमाशील ! स्वामी ! गुरुवर ! तपस्वी ! गुणनिधे !
हुई इच्छा मेरी चरणकमलों में नमन को ।

हटा के पापों को हृदय पर से शक्ति रहते,
नमु पूज्य श्रीमन् विनयविधि से मस्तक झुका ॥

सुगुरुको सुखपृच्छा

इच्छाकारी पूज्य आपकी सुखपूर्वक क्या रात रही !
सुखपूर्वक दिन बीता क्या ? सुखपूर्वक तपविधि आज रही !

पीडा रहित शरीर रहा क्या ? संयमयात्रा सुखमय है !
सुखशाता है ? गुरो गोचरी की भी विनती सविनय है ॥

सुगुरु से दोषों की क्षमायाचना

इच्छाकारी हे भगवन् ! आदेश मुझे दें आप अभी,
खड़ा हुआ हु गुरो खमाने दिन सबधी दोष सभी ।

आखा पा दिन के अपराधो को मे नाथ खमाता हु
पावन पदकमलों में शिरको झुका परम सुख पाता हु ॥

जो कुछ मुझसे हुआ काम गुरु प्रीति का हरनेवाला
अथवा हुआ विशेषतया अप्रीति को करनेवाला ।

भोजनमे पानीमें और विनय सेवा मे हे स्वामी,
एकवार या वारवार हो पर्दा बोलने मे खामी ॥

ऊचे आसनपर मे बैठा या मै बैठा बराबरी,
आप रहे फरमा मै न बोला ध्यान न दिया नहीं ।

या फरमाई बात विशेषतया मैंने हो अगर नहीं,
निज बुद्धि वैभव दिखलाने तो अपराध महान् यही ॥
जो कुछ ऐसे मैंने स्वामी विनयहीन गर काम किये,
छोटे मोटे पता न मुझको किन्तु आपने जान लिये ।
दया बुद्धि से उन अपराधों की हे गुरुवर! क्षमा करें,
हो निष्फल मम पाप यही शुभ आशीर्वाद प्रदान करें ॥

प्रार्थना

पाप त्याग करुं समाधि भगवन् पाऊं मुहूर्तावधि,
धारुं दो करणे त्रियोग मनसा वाचा तथा कर्मणा ।
पापों को न करुं स्वयं न पर से भी मैं कराऊं यहाँ,
आत्मा से उस पाप को कर पृथक् निन्दूं व गर्हुं प्रभो !

पार्श्वनाथप्रभु-प्रार्थना

ॐ नमो दिव्य धरणीन्द्र पद्मावती,
सहित जिन पार्श्वनाथाय नित्यं,
मंत्रराजाधिराजं पवित्रं भजे,
कोटि संकट कटे भाव सत्यं ।
आज प्रभु पुण्य दरबार में मैं करुं
अरज़ अभिराम प्रभुनाम ध्यानी,
हे प्रभो ! वांछितं देहि मे देहि मे,
जानते हैं प्रभो आप ज्ञानी ॥ १ ॥

तूं ही माता पिता तूं हितु तूं सखा,
तुंही संसार में एक स्वामी,
माफ कर दीजिये दूर कर दीजिये,
नाथ मुझ में रही सर्व खामी ।

पतित हू पातकी हूं मुझे वक्ष दो,
आप मा बाप हे दिव्यदानी,
हे प्रभो ! वाछित देहि मे देहि मे,
जानते है प्रभो आप ज्ञानी ॥ २ ॥

चचला से चपल चित्त धारा प्रबल,
चल रही ध्यान कैसे करु मे,
वचन में व्यग्रता उग्रता से प्रभो,
बन रही मौन कैसे करु मै ।

अग प्रत्यग में शिथिलता छा रही,
योग कैसे करु मै विमग्नी,
हे प्रभो ! वाछित देहि मे देहि मे,
जानते है प्रभो आप ज्ञानी ॥ ३ ॥

आपका एक आधार निज चित्त में,
धार प्रभु ध्यानपथ मे लिया है,
ओर जजाल परपच सब छोड के,
आपके चरण मे चित दिया है ।

अय प्रभो ! सिद्ध होऊ न होऊ मुझे,
है न परवा तुम्ही हो प्रमाणी,
हे प्रभो ! वाछित देहि मे देहि मे,
जानते है प्रभो आप ज्ञानी ॥ ४ ॥

★

विपत्तिविमोचन धरणेन्द्रदेव प्रार्थना

पार्श्व जिनराज सेवक सुनो आज,
अहिराज धरणीन्द्र यह बात मेरी,

दास मैं फंस गया त्रास अरिपास में,
पा रहा आस अब एक तेरी ।

गरीब नीवाज है विरुद् सिरताज तुझ,
मार अरि मार रख लाज मेरी,
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपति,
विपत्ति को काट प्रभु कर न देरी ॥ १ ॥

मैं स्वयं शिथिल हुं शक्ति से हीन हूं,
लीन हूं ध्यान में पर तुम्हारे,
ओर की आस करता न हूं मैं कभी,
शरण हूं नाथ बस मैं तुम्हारे ।

वर्ष बीते रहूं किन्तु रीता सदा,
दुःखगीता सुनें कौन मेरी,
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपति,
विपत्ति को काट प्रभु कर न देरी ॥ २ ॥

जान अनजान हो जाओगे आप तो,
पापि दुश्मन मुझे घेर लेंगे,
जान लेंगे विचारा मुझे वे सभी,
ध्यान इफतान करने न देंगे ।

दूर कर दूर कर दूर्जनों को प्रभु,
लाज रख आज हे देव मेरी.
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपति,
विपत्ति को काट प्रभु कर न देरी ॥ ३ ॥

दुष्ट दल दलनकर पाट दे काट दे,
चिकट अरराट अरि सब पुकारे,

चण्ड परचण्ड दे दण्ड अरि झुण्ड को,
खण्ड खण्डातमा होय सारे ।
जाल रच खल मुझे फाद दे फादिये,
आप उनको प्रभु एक वेरी,
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपति,
विपत्तिको काट प्रभु कर न देरी ॥ ४ ॥

गर न मेरी सुनोगे प्रभु वात तो,
स्वामी सवध कैसे रहेगा,
स्वामी रहते हुए होंय सेवक दुखी,
दोप तव लोक किसको कहेगा ।

स्वामीका स्वामीका सोचतो आप फिर,
क्यों वजाते न रणचडी मेरी,
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपति,
विपत्तिको काट प्रभु कर न देरी ॥ ५ ॥

चरण के शरण में हु पड़ा आपके,
वाप की गोद में वाल जेसे,
काल से भी न मैं भीति खाऊ कभी,
शरण पा स्वामि का आप जैसे ।

आप अपनी विचारो प्रभु क्या कहु,
स्वामि निज दुख को टेरी टेरी,
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपति,
विपत्ति को काट प्रभु कर न देरी ॥ ६ ॥

देवी पद्मावती मा सती आप भी,
मौन मम दुख लख क्या रहेंगी,

आईये नाथको साथ ले आप भी.
दूर क्या दास दुःख में रहेंगी ?

आप सोचाइये ओर समझाइये.
देवको विनति यह एक मेरी,
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपत्ति,
विपत्ति को काट प्रभु कर न देरी ॥ ७ ॥

मानता हूं प्रभो दुष्ट जन कुछ नहीं,
कर सकेंगे भलाइ वुलाई ।
पर प्रभो ओर जन देख हंसते मुझे,
स्वामी इसका निलख है सहाई ।

स्वामी निंदा न मुझसे सुनी जाय पर,
क्या करुं स्वामि सुनता न टेरी,
अत्र आगच्छ आगच्छ हे नागपति,
विपत्तिको काट प्रभु कर न देरी ॥ ८ ॥

अरिहन्त धून

(तर्ज—सुनो २ ए दुनिया वालो)

अरिहन्त अरिहन्त अरिहन्त,–
झगमग जीवन ज्योति जगाओ ।
आठ करम या आठ ग्रहों से,
मन में मत घबराओ अरिहन्त० टेर०

अरि–शत्रु का हनन करें. उन अरिहन्तो को गाओ ।
अरिहन्तों का ध्यान करो नित, निज अरि दूर भगाओ ॥अर० १

वन्दन पूजन योग्य भाव, अर्हन्तों को नित ध्यावो ।
परम पूज्य श्री अर्हन्तों की, पावन पदवी पाओ ॥ अरि० २

जनम गये सो जनम गये जो-फिर से नहीं जनमेगे।
उन अरुहन्तो को मन लाओ, दु ख सब दूर गमेगे ॥ अरि० ३
रहत गुप्तता कहीं किसी की, रही नहीं है कोई।
उन अरहन्त को आराधे, ज्ञानी होवे सोई ॥ अरि० ४
नहीं शस्त्र नारी संग जिनके, वे सब अरज कहावे।
अरुह अरह अरहन्तों को तुम, पाओ पुण्य प्रभावे ॥ अरि० ५
आठ करम या आठ ग्रहो का, तुमपे असर न होगा।
ॐ नमो अरिहताण पद-सच्चा रक्षक होगा। अरि० ६
कोमल भावे "हरिकवीन्द्र" जन, जीवन तन्मय भावे।
ॐ नमो अरिहताण पद, घर घर मगल आवे। अरि० ७

प्रभु प्रार्थना

(तर्ज–जिनने राग द्वेष कामादिक)

हिंसा मुझको नहीं सुहाती, हिंसा करता जाता हू
झठ न मुझको कभी सुहाता, झठ बोलता जाता हू।
मेरी चौरी मै न सहू पर-हा! नित चौरी करता हू,
प्रभो! पाप से पिण्ड छुडाओ, यही अरज नित करता हू ॥१॥

ब्रह्मचर्य की बात कर पर-घात निरन्तर करता हू,
पाप परिग्रह पुण्य मान मै, भूला सग्रह करता हू।
पाच पाप ये महा भयकर, पाप ताप मे तपता हू,
पापी हू, पर पुण्यवान होने को हरदम खपता हू ॥२॥

क्रोध करु सारा जग जाने, पर समभावी बनता हू,
मान करु है पाप किन्तु मन-धीर वीर मै बनता हू।
मायाजाल करु चतुराई-पर जगको दिखलाता हू,
लोभ पाप का मूल पुण्यवानी-पर अपनी गाता हू ॥३॥

ये कषाय भी पाप रूप है, इनसे होती दुर्गतियां;
छोड़ नहीं सकता हूं कारण, मेरे मन की दुर्मतियां ।
पापों में सन्ताप भरा रहता है-सुखका लेश नहीं;
करो कृपा हे नाथ निरंजन ! रहे पाप का शेष नहीं ॥४॥

निष्पापी जीवन धन धन है, जीना मरना जयकारी;
पापी जन जीते मरते है, निष्पापी की बलिहारी,
"हरि कवीन्द्र" परमातम कृपया, वह दिन धन मेरा होगा;
मिच्छामि दुक्कड़मय मेरा, जीना या मरना होगा ॥५॥

जिन-वन्दनाष्टकम्

नाथ निरंजन भवभय भंजन, तीन भुवन के हे स्वामी;
वीतराग सुखसागर हे, भगवान् महोदय गुणधामी ।
अजर अमर पूरण परमातम, आतम सत्ता विसरामी;
करता हूं मै वन्दन तेरे-चरणकमल में शिर नामी ॥१॥

आतम सत्ता एक रूप है, पर कर्मो से भेद पड़ा,
भव वन में मैं भटकर रहा तूं-सिद्ध शिलापर जाय चढ़ा,
कैसे भेद मिटे यह मेरा, कहो कहो हे शिवगामी,
करता हूं मैं वन्दन तेरे-चरण कमल में शिरनामी ॥ २ ॥

अविसंवादी आगम तेरा, देता है आदेश यही,
महिमामय तुझ प्रतिमा दर्शन-से दर्शन दो शुद्ध सही ।
इसीलिये तुझ सुन्दर मन्दिर, आया हूं दर्शनकामी,
करता हूं मै वन्दन तेरे-चरणकमल में शिरनामी ॥ ३ ॥

कर्म कटे उपवास किये, वह तुझ दर्शन की चाह करे,
दर्शन खातर खडे हुए से,-छठ तप का फल आन वरे ।
द्वादश तप जितना फल होवे,
पथ में चलते अभिरामी, करता० ॥४॥

अर्धपन्थ में पन्द्रह का फल, मासक्षमण मन्दिर लखते,
छहमासी फल पास पहुंचे, वर्षीतप फल द्वारगते।
सौ वर्षीफल प्रदक्षिणा मे, सहस वर्ष देखे स्वामी, करता० ॥५॥

पुष्पादिक से पूजा का फल-लाख वर्ष तक के जितना,
गीतनाद फल पार नहीं जो-करने में होवे यतना।
तप पूजा से पूज्य हुए हैं पूजक के आतमरामी, करता०॥६॥

सुरनर नायक पूज्य प्रभो तु, पुरुषोत्तम शिवशङ्कर हैं,
बोधिविधाता बुद्ध तू ही परमातम तू अभयङ्कर है,
वाणी अगोचर वर्तन तेरा, तू हो है जगमें नामी, करता० ॥७॥

तेरे ही आदर्शो मे है, मोहक मजुल भाव भरे,
अब तो ऐसी करदो बस ज्यों, मेरा भी भवरोग टरे,
श्री "हरिपूज्य कवीन्द्र" सुवन्दित, होकर तेरा अनुगामी
करता हू मैं वन्दन तेरे चरण कमल मे शिरनामी ॥८॥

पार्श्वप्रभु-प्रार्थना

ॐ अर्हं प्रभु पारसनाथ जय अर्हं प्रभु पारसनाथ।
पार उतारो पारसनाथ, पूजु प्रणमू पारसनाथ ॥१॥

ॐ पद्मावती पारसनाथ, जय पद्मावती पारसनाथ।
शीष झुकावु जोड़ु हाथ, ॐ पद्मावती पारसनाथ ॥ २ ॥

ॐ पद्मा जये पद्मा, पद्मावती प्रभु पारसनाथ।
जय पद्मा ॐ पद्मा, पद्मावती जय पारसनाथ ॥ ३ ॥

दु खहर सुखकर पारसनाथ पद्मा सेवित पारसनाथ।
जय मगलमय पारसनाथ, हे पद्मावती पारसनाथ ॥ ४ ॥

सुखसागर प्रभु पारसनाथ, जय भगवन् श्री पारसनाथ।
जिन हरिपूजित पारसनाथ, 'कवि' ज्ञान दान दो पारसनाथ ॥५॥

प्रभु स्तुति

रूपी अरूपी रूप तेरा जो समझ सकते यहाँ,
वे जन सहज में ही तुझे बस खोज सकते हैं यहाँ।
कहते निरंजन निपट वे अरिहंत रूप न जानते.
अरिहंत हैं भगवंत रूपी नित नमूं गुरु ज्ञान ते॥

ॐ अर्हम् की धून

ॐ अर्ह पद ध्यान लीन मन, मेरा हरदम रहा करें,
ॐ अर्ह पद सरस वचन रस, बस रसनासे बहा करें-टेर०

ॐ अर्हं पद पावन जीवन, अनुगत तप तन सहा करें,
ॐ अर्ह ॐ अर्हं चाहूं, सारे जगजन कहा करें. १

ॐ अर्ह पद है यह मेरा, मुझको इसका भान न था,
उल्टे कारण उल्टी किरिया, खूब करी पर तंत न था. २

आतम धर्म पतित आतम में, पाप ताप परिताप हुआ,
सद्गुरु शरण मिला ॐ अर्हं, अब आतम पद भान हुआ. ३

ॐ अर्ह पद लीन आतमा, ॐ अर्हं पद पाता है,
लट भंवरी के न्याय निरन्तर, गुण गौरव वढ़ जाता है. ४

ॐ अर्ह ॐ अर्ह जप जन, सुखसागर भगवान हुआ,
"हरि कवीन्द्र" कीर्तित अर्ह पद, जीवन कुसुम विकास हुआ ५

अय दीनबन्धो !

[तर्ज—हे प्रभो आनन्द दाता...]

दीनबन्धो ! हे दयासिन्धो ! अरज सुन लीजिये।
दूर कर अज्ञान सब शुभ ज्ञान हमको दीजिये॥ टेर०

बालक सभी हम हैं तुम्हारे, प्रेम को बस चाहते ।
हे पिता परमातमा बस, प्रेम बरसा दीजिये ॥ दीन० १

माँ बापका ही बालकों को, सर्वथा आधार हैं ।
आप हैं माँ बाप तो, रक्षा हमारी कीजिये ॥ दीन० २

निर्बल सभी हम क्यों रहें, जब कि पिता बलवान हो ।
शक्ति देकर दूर निर्बलता, हमारी कीजिये ॥ दीन० ३

देश जाति-धर्म का उद्धार, ज्यों होने लगे ।
मार्ग वह हमको प्रभो बस, आप दिखला दीजिये॥दीन० ४

तुम रीझानेको न हम में, है कवीन्द्रों की कला ।
भेंट है यह वन्दना स्वीकृत, विभो कर लीजिये ॥ दीन० ५

श्री वीतराग स्वरूप स्तुति

(तर्ज—हरिगीत)

ज्ञाता समस्त सुवस्तु के भवसिन्धु-तट झट पा गये,
अविरोध पूर्वापर वचन वादक विमल जीवन भये ।

जो साधु वन्द्य अशेष दोष विमुक्त गुणनिधि धन्य है,
बन्दू सदा उनको भले वे वीर हरि या अन्य हैं ॥

स्तुति

तू तरण तारण दुःख निवारण सहज सुखकारण प्रभु,
मैं दीन हीन अनाथ अशरण शरण मैं आया विभु ।

हे पतित पावन दिव्य जीवन देव दर्शन दीजिये,
और शरणागत प्रणत जन विनतियाँ सुन लीजिये ॥

श्रीमदाचार्य श्री कवीन्द्रसागरसूरि कृत जिन स्तवन चोवीसी

श्री आदिजिन स्तवन

(तर्ज-आसावरी)

भावे श्री आदिजिन वंदू, वंदू पाप निकंदू रे भावे० टेर
पहेले तीर्थंकर प्रभु पहेले, राजा पहेले योगी,
युगल धरम वारक विभु वंदू, शिवरमणी के भोगी रे. भावे १

मरुदेवी माता धन नृप, नाभि पिता धन जिनके।
विनीता नगरी जन्मभूमि धन, तारक त्रिभुवन जनके रे भावे० २

शत्रुंजय अष्टापद आबु, जिनके पुनित प्रभावे,
राजत है, गुण गाजत है, जग तीरथ पदवी पावे रे भावे० ३

वृषभ मनोहर लांछन जिनके, निर्लाञ्छन पद धारी।
सुवरन वरण जो आप अवरणी,
अनुपम गुण अविकारी रे. भावे० ४

सुखसागर भगवान अभयपद, जो हरि पूज्य प्रधाना।
"दिव्य कवीन्द्र" अगोचर महिमा,
दर्शन पुण्य खजाना रे. भावे० ५

श्री अजितजिन स्तवन

(तर्ज-क्या कहूं कथनी)

अजित अजित पद देना नाथ, अजित अजित पद देना,
मेरा दीन वचन सुनलेना नाथ अजित० ॥ टेर ॥

मुझको जान निवल हे स्वामी मोह महीपति सेना,
भवरण में देती है पराभव, दारुण दुःख क्या कहना. नाथ० १

तुमने मोहको मार पछाड़ा, वदला कैसे लेना ।
तुम सेवक मुझको लख वहदु ख देता है दिन रैना नाथ० २

सेवक के अपमान हुए को, सच्चा स्वामी सहे ना ।
दुश्मन दल से वदला लेकर, पावत है सुख चैना नाथ० ३

मैं हु तेरा तू है मेरा, औरों से लेना न देना ।
पर तू रहता है निरपेक्षी, ताते है दु ख सहना नाथ० ४

श्री हरि पूज्य अजित जिन अवतो, मानो "कवीन्द्र" का कहना
मोह विनाशो हुकम करो या, भवरण मे मत रहना नाथ० ५

श्री सम्भवजिन स्तवन

(तर्ज—कव्वाली)

सम्भव जिनेश स्वामी, दर्शन मुझे दिखादो,
जो हो रहा असम्भव, सम्भव उसे बना दो ॥ टेर०॥

कारण व कार्य मे है, भारी पडा जो अन्तर ।
करके दया दयालो, जिनवर उसे हटा दो ॥ सम्भव० १

होना जरुर जिनका, निज साध्य साधना मे ।
सामग्रिया नहीं है, उनसे मुझे मिलादो ॥ सम्भव० २

निज साध्य सिद्धिका तो, रस्ता वडा विकट है।
कैसे कहो मै पाऊ, इतना मुझे वतादो ॥ सम्भव० ३

चलने लगा हु फिर भी, विच में सुदुदमनोंने ।
जालें बिछा रखी है, उनको प्रभो उठा दो ॥ सम्भव० ४

हरिपूज्य आप ही है, साधु 'कवीन्द्र' सच्चे ।
अन्तिम यही है विनती, दर्शन सुधा पिला दो ॥ सम्भव० ५

श्री अभिनन्दनजिन स्तवन

(तर्ज–सुईसुईसारी)

श्री अभिनन्दन दुःख निकंदन,
भावे वन्दन नित्य करुं रे ॥ टेर ॥
आत्मसमर्पण अद्भुत दर्शन,
प्रेम सुधारस पान करुं रे ॥ १
तुझ मुझ विचमें जो परदा है,
उसको जल्दी दूर हरुं रे ॥ २
द्वैधी भाव सदा दुविधामय,
कैसे मैं अब चित्त धरुं रे ॥ ३
हो एकांगी तुझ पद संगी,
काहूं से अब नांहि डरुं रे ॥ ४
हरि पूज्येश्वर अगम अगोचर,
'दिव्य कवीन्द्र' पथि विचरुं रे ॥ ५

श्री सुमति जिन स्तवन

(तर्ज–मेरी गली आजा रे)

तेरी सुमतिनाथ जय हो, तेरी जय हो मेरी विजय हो ॥टेर॥
तुझ चरणों का सेवक हूँ मैं,
दे दे सुमतिदान जय हो तेरी० १
काल अनादि कुमति वश मैं
खूब हुआ हैरान जय हो. तेरी० २
अन्धकारमय जीवन मेरा,
बीत रहा भगवान जय हो तेरी० ३

उसमे ज्योति आप जगादो,
ज्यों कुछ होवे भान जय हो तेरी० ४
श्री हरिपूज्य सुमतिजिन स्वामी,
करे 'कवीन्द्र' कल्याण जय हो तेरी० ५

श्री पद्मप्रभ जिन स्तवन

(तर्ज—आसावरी)

पद्मप्रभुजी छद्म मिटाकर, मोहे करो निज सानी।
दोषी अदोषी भेद धरे ना, जो होते हैं ज्ञानी रे॥
प्रभुजी मोहे करो निज सानी॥ टेर॥

छद्मस्थावस्था मे मैने, राख निकम्मी छानी।
औरों से सम्बन्ध लगाकर, खूब विलोया पानी रे प्रभुजी० १
परिवर्तन जीवन मे प्रतिदिन, होते हैं आसानी'
पहुचाती हैं भारी सद्मे, उनसे हुई निशानी रे प्रभुजी० २
अपनी बात कहू मैं किसको, कहना है नादानी।
काल लब्धि परिपाक हुए से, प्रकटेगी सुखखानी रे प्रभुजी० ३
जश अपजश की बातें करते, लोक सभी मनमानी।
नदी नाव सयोग जानकर, सब बाते विसरानी रे प्रभुजी० ४
श्री हरिपूज्य प्रभु तुही हैं, अशरण शरणविधानी।
तातें 'दिव्य कवीन्द्र' सुनाता, अपनी राम कहानी रे प्रभुजी० ५

श्री सुपार्श्वजिन स्तवन

(तर्ज—दीन के दयाल)

श्री सुपास गुणविलास, दास आश पूर।
दास आश पूर, प्रभु दास आश पूर॥ टेर॥

करम पाश त्रिविध त्रास, नाथ कर तू दूर ।
चरण पास दो निवास, पूर खूब नूर ॥
पूर खूब नूर प्रभु दास आश पूर १

विनंति खास करुं प्रकाश, प्रेम से हजूर ।
बोध का विकाश कर, कुबोध नाथ चूर ॥
कुबोध नाथ चूर प्रभु दास आश पूर २

"हरि कवीन्द्र" पूज्य प्रभु, सुपास चरण धूर ।
नित्य गगन घोपि बजे, मंगल दिव्य तूर ॥
मंगल दिव्य तूर प्रभु दास आश पूर ३

श्री चन्द्रप्रभजिन स्तवन

(तर्ज–मारवाड़ीजिला)

चन्द्रप्रभुजिन चन्द्र नमो सुखकंदा रे. सब फंद विसार ।
नयनानन्द अमन्द हरे दुःख द्वंदा रे सुजाण ॥१॥

चन्द्र सुलाञ्छन श्वेत सुवर्ण विराजे रे, जिनराज अपार ।
दर्शन गुण दर्शन निर्मल आनन्दा रे सुजाण ॥२॥

कारण जोगे कारज सिद्धि पावे रे, स्व स्वभावे निरधार ।
तन्मय अशठ सरल थिर सेवक वंदा रे सुजाण ॥३॥

प्रभु मुख शारद चन्द्र सुधा वरसावे रे, हरसावे नरनार ।
नयन कटोरे भर पीवत निर्द्वन्दा रे सुजाण ॥४॥

"हरि कवीन्द्र" प्रभु चरण शरण मैं पाया रे,
तज माया चार ।
चाहूं नहीं अब नर सुरपद धरणीन्दा रे सुजाण ॥५॥

श्री सुविधिजिन स्तवन

(तर्ज-आसावरी)

रे स्वामी सुविधि अरज सुन लेना,
सहज समाधि देना रे स्वामी० ॥ टेर ॥
अविधि पूरण दुविधा दिल की, मेरी दूर हटा दो ।
सुविधि भाव रुचि ज्यों प्रगटे, त्यों शुभ बोध पढ़ा दो रे ॥
स्वामी० १

किसविध चचल चित्त अचचल होय रमे निज घर में ।
कुगति विधायक बहु दु ख दायक, विविध विषय से विरमे रे॥
स्वामी० २

तुम शासन मे भी हे स्वामी, मेरी योग चपलता ।
शान्त न होगी तो फिर होगी कैसे पूर्ण सफलता रे ॥
स्वामी० ३

सुखसागर में भी जो दु खिये, सुख का लेश न पावे ।
दोनों भाव विचारे तब तो, दोष उभय मे आवे रे ॥
स्वामी० ४

दूषण दूर टरे वैसा ही, मुझको पन्थ बताओ ।
श्री हरिपूज्य परम पद पाऊ, कीर्ति "कवीन्द्र" सुगाओ रे ॥
स्वामी० ५

श्री शीतलजिन स्तवन

(तर्ज-पन्थीड़ा सदेशो)

शीतलनाथ सनाथ मुझे कर दीजिये,
भवसागर में पकड़ो मेरा हाथ जो ।
मे अनाथ अशरण तुम चरणों मे पड़ा,
निज सेवा मे रखिये मुझको साथ जो ॥ १ ॥

तुम शीतल मैं दुःख संतापित आतमा,
तुम गुणधारी मैं निर्गुण सरताज जो,
तुम अनंत ज्ञानी अज्ञानी मैं प्रभो !
नाथ दया कर तोड़ो अंतर आज जो ॥ २ ॥

सेवक वत्सल सबल स्वामी संसार में,
"हरि कवीन्द्र" कीर्तित पदधारी आप जो ।
सेवक की सविनय विनति सुन लीजिये,
निज निज पर सेवा दीजे माँ बाप जो ॥ ३ ॥

श्री श्रेयांसजिन स्तवन

(तर्ज—या इलाही)

नाथ श्री श्रेयांस सेवा दीजिये,
सेवकाई की परीक्षा कीजिये ॥ टेर ॥

है लगन तुमसे लगी संसार में,
निज महिर दौलत नजर कर दीजिये. नाथ० १

ये सितमगर कर्म करते हैं सितम,
दर्द दिल की आह को सुन लीजिये. नाथ० २

आपसा दानी न दुनिया में मिला,
है परेशानी इसे हर लीजिये. नाथ० ३

आपके दरबार में जो आगया,
पा गया सब कुछ वही तो दीजिये. नाथ० ४

"हरि कवीन्द्रो" से सुकीर्तित नाथ है !
ओर कुछ चाहूं न सेवा दीजिये. नाथ० ५

श्री वासुपूज्य जिन स्तवनो

(तर्ज—जमुनाजी में खेले)

वासुपूज्य अमरपति पूज्य नमो
जिनराज प्रभु वासुपूज्य नमो ॥ टेर ॥

जिनपूजा से जन पूज्य बने,
पूजा हित त्रिकरण शुद्ध नमो वासु० १

है शुद्ध तत्त्व जिनदेव प्रभु,
सतसग अपूरव हेतु नमो. वासु० २

जिन नाम थापना द्रव्य भाव,
निक्षेपा निज हितकार नमो वासु० ३

है मूल हेतु अध्यातम का,
परमातम प्रतिमा ध्यान नमो वासु० ४

सुखसागर श्री भगवान प्रभु,
नित "हरि कवीन्द्र" कीर्तित प्रणमो वासु० ५

श्री वासुपूज्यजिन स्तवन–२

(तर्ज–मेरे मौला)

वासुपूज्य प्रभु जग जय जय हो
जयादेवी के नन्दन, जय जय हो ॥ टेर ॥

आपके वर पचकल्याणक पुनित नगरी यही।
चम्पा अकम्पित भावसे कल्याण को प्रगटा रही।
स्वामी तीरथपति, तुम जय जय हो वासु० १

यह जन्मभूमि, आपकी जो भव्य-जन, हैं भेटते।
वे पुनर्जन्म स्वय अपना सहज में मेटते।
महिमा आपकी यह प्रभु जय जय हो वासु० २

आश्चय हैं जिन आपके जो पञ्चकल्याणक हुए।
वे अनन्तानन्त कल्याणक जनक जगमें हुए।
प्रभु अद्भुतता यह जय जय हो. वासु० ३

पर अपेक्षित पूज्यता से दूर रहते आप है।
पूज्य पर निज नाम से गुणधाम से प्रभु आप हैं।
तुम नाथ अलौकिक जय जय हो. वासु० ४

इन्दु नवनिधि चन्द्रवत्सर शुक्ल फाल्गुन पंचमी।
दिव्य दर्शन आपके पा की निकट गति पंचमी।
गावें "हरि कवीन्द्र" प्रभु जय जय हो. वासु० ५

श्री विमलजिन स्तवन

(तर्ज—मेरे मौला)

प्रभु विमल विमल मुझे कर देना
प्रभु कर्मों का मल मेरा हर लेना ॥ टेर ॥

है अनादि का लगा जो आतमा में कर्ममल।
पा रहा हूं दुःख इससे क्या करुं जो हूं निवल।
मुझ में नाथ ! प्रवल वल भर देना प्रभु० १

ज्ञान दर्शन चरण वीरज आतमा में जो रहें।
कर्म मल मैले हुए निस्तेज वे भी हो रहें।
उनमें तेज पुनित प्रभु भरदेना. प्रभु० २

आपमें जो है प्रकट स्वामी स्वभावदशा रही।
कर्ममल से मलिन मैंने नाथ वह पाई नहीं।
कैसे पाउं दशा वो बतादेना प्रभु० ३

द्रव्य गुण पर्याय पूर्ण अशुद्ध हैं मेरे सभी।
शुद्धता के पुष्ट हेतु भी नहीं पाये कभी।
मिले आप मुझे शुद्ध करदेना. प्रभु० ४

"हरि कवीन्द्रों" से सुकीर्तित विमलता है आपकी।
जब मिटाती है हमेशा कर्ममल सन्ताप की।
मेरा कर्म सन्ताप प्रभु हरलेना प्रभु० ९

श्री अनन्तजिन स्तवन

(तर्ज-आधार मेरे)

अनन्तनाथ स्वामी, आनन्द आनन्द कार
कार मेरे प्यारे आनन्द० ॥ टेर ॥

कर्म अनन्त दल दूर हटाया, ज्ञान अनत भण्डार,
भण्डार मेरे प्यारे आनन्द० १

धर्मादि द्रव्य प्रदेश अनता, पर्याय अनत उदार,
उदार मेरे प्यारे आनन्द० २

सम्पूर्ण जाने जैसे हैं वैसे, जाऊ प्रभुकी बलिहार,
बलिहार मेरे प्यारे आनन्द० ३

मेरी दशाभी छानी नहीं है, जाने जगत भरतार,
भरतार मेरे प्यारे आनन्द० ४

दीन दुखी हू पर मैं न मागु, प्रभुजी दुःख सहार,
संहार मेरे प्यारे आनन्द० ५

दुख सहन की शक्ति मैं मागु, मांगु मे दर्शन श्रीकार,
श्रीकार मेरे प्यारे आनन्द० ६

सुखसागर भगवान प्रभुजी, श्री हरिपूज्य आधार,
आधार मेरे प्यारे आनन्द० ७

"कवीन्द्र" कीर्तित दाता अनन्तजिन,
इतनी लो विनती स्वीकार,
स्वीकार मेरे प्यारे आनन्द० ८

श्री धर्मनाथजिन स्तवन

(तर्ज—काली कमली)

धर्मनाम गुण वाले, तुमको कोटि प्रणाम ॥ टेर ॥
वत्थु सहावो धम्मो स्वामी, दिखलाया तुमने शिरनामी.
खामी हरने वाले तुमको कोटि प्रणाम ॥ १ ॥

आतमधर्म तुम्हीने पाया, औरों ने जग भ्रम फैलाया ।
भ्रम को हरने वाले तुमको कोटि प्रणाम ॥ २ ॥

आतम धर्म विना नर भटके, धर्म धर्म कर पद पद अटके ।
अटक मिटाने वाले तुमको कोटि प्रणाम ॥ ३ ॥

स्याद्वाद सत्संग विनानर, निजघर तजकर जावे परघर ।
घर दिखलानेवाले तुमको कोटि प्रणाम ॥ ४ ॥

"हरि कवीन्द्र" कीर्तित जो पाऊं, धर्म आपका नितगुण गाऊं ।
गुणमणि देने वाले तुमको कोटि प्रणाम ॥ ५ ॥

श्री शांतिनाथ जिन स्तवन

(तर्ज—महावीर तुम्हारी)

प्रभु शांति जिनेश्वर स्वामी निजपद रामी जगदाधार ॥टेर॥
जयकर भयहर अभिरामी,
तुम चरण शरण गुण धामी ।
मैं आयो हूं शिरनामी,
तुम विन कोई नहीं आधार. प्रभु० १

मैं खोकर निज आजादी,
कर निज धन की बरबादी।
बस भटका काल अनादि,
पाये दुर्गति दुख अपार प्रभु० २

घूणाक्षर न्याय समाना,
पूरव कृत पुण्य विधाना।
तुम दर्शन दिव्य खजाना,
पाया अब आनन्द अपार प्रभु० ३

मेरी सब भव भय भ्रान्ति,
अरु आज समूल अशान्ति।
मिट प्रकटी है सुखशान्ति,
पाया अब निर्भय अधिकार प्रभु० ४

सुखसागर शान्ति जिणन्दा,
भगवान परम सुखकन्दा।
"हरिपूज्य सुदिव्य कवीन्दा"
गावें भावे जय जयकार प्रभु० ५

श्री कुन्थुनाथजिन स्तवन

(तर्ज—मनडु किमही न)

कुन्थुनाथ सुखकारी रे जिनवर, आतमपद समझावे।
दर्शन करते भविजन भावे, परमातमता पावे रे जिनवर टेर

वर्णगन्ध रस स्पर्श विहीना, आतम आप अरूपी!
भव भव भटकत कर्म सयोगी,
हो गया नाना रूपी रे जिनवर० ॥ १ ॥

प्रगट विभाव दशा भववासे, जब लौ दूर न होवे ।
तब लौ चेतन निजधन बिन नित,
दुर्गति दुख से रोवे रे. जिनवर० ॥ २ ॥

आत्म असंख्य प्रदेशे पूरण, परमानन्द समावे ।
निज स्वभाव रमण करनेसे,
व्यक्त वही हो जावे रे. जिनवर० ॥ ३ ॥

रागद्वेष विरहित परिणति से, वीतराग गुणठाणी ।
"हरि कवीन्द्र" सुकीर्तित होकर,
परणे शिव पटराणी रे. जिनवर० ॥ ४ ॥

श्री अरनाथजिन स्तवन

(तर्ज—आसावरी)

अर जिनवर जयकारी रे वंदो अर० ॥ टेर ॥
द्रव्य भाव अरि मार भगाये, चक्री तीर्थंशपद धारी ।
षट्खंडजित आखंडलपूजित,
वीतराग अविकारी रे. वंदो अर० १

समवसरण प्रभु शरण भविकजन, भवोदधि पार उतारी ।
अतिशयमहिमा महाप्रतिहारज,
दर्शन दर्शनकारी रे वंदो अर० २

जिन दर्शन सुखसागरलीना, वे भगवान नरनारी ।
"हरि कवीन्द्र" कीर्तित प्रभु अरजिन,
आत्म प्रकाशन कारी रे. वंदो अर० ३

श्री मल्लिनाथजिन स्तवन

(तर्ज–प्रभु धर्मनाथ)

मल्ली जिनशासन भारी, भविजीव सकल सुखकारी ॥टेर॥
प्रभु जीवन घटना वोघे, नरनारी शिवपुर सोघे ।
समतुल्य होवे अविकारी,
परमातम पद अधिकारी मल्ली० १

प्रत्यक्ष परोक्ष प्रमाणे, निश्चित रेखा प्रभु ताणे ।
है भूमि पड़ी तलवारी,
लें वीर पुरुष या नारी मल्ली० २

नवमें गुणठाणे आवे, सत्ता से वेद खपावे ।
क्रम से हो शिव सचारी,
तव एक रूप नर नारी मल्ली० ३

नयवादी मत एकान्ती, फैलावे जगमे भ्रान्ति ।
प्रभु स्याद्वाद जयकारी,
नयवादी भ्रान्ति निवारी मल्ली० ४

सुखसागर श्री भगवाना, हरिपूज्य अचल गुणवाना ।
"सुकवीन्द्र" कहे वलिहारी,
भव भव हो शरण तुम्हारी मल्ली० ५

श्री मुनिसुव्रतजिन स्तवन

(तर्ज–पन्थीड़ा सदेशो)

श्री मुनिसुव्रत स्वामी सुव्रत दीजिये,
सुव्रत विन में पाऊ दुख अपार जो ।
सम्यग्दर्शन ज्ञान चरण की एकता,
सुव्रत पद में पाऊ मै निरधार जो ॥ १ ॥

त्रिविध ताप अपहारक सुव्रत संग में,
आतम रंग अपूरव प्रकटे आप जो।
भवरण रंग विजयकर पाऊं मैं तभी,
प्रभुपद सेवा पाऊं मैं निष्पाप जो ॥ २ ॥

जीवन मरण दशा भी सुव्रत साथ में,
सुव्रत ही हो गति मति प्राण आधार जो।
योग अवंचक भावे सुव्रत साधना,
करते प्रगटे अनहद सुख भण्डार जो ॥ ३ ॥

गिरि वन गहन विजन सरिता सागर तटे,
देश विदेशे राखुं सुव्रत ध्यान जो।
श्रीमुनि सुव्रत स्वामी मानुं मैं तभी,
सार्थक अपना रसमय ज्ञान विज्ञान जो ॥ ४ ॥

सुव्रतसुव्रत सुव्रत सांसोसांस में,
परिणत जीवन उन्नति हेतु पाऊं जो।
प्रभु कृपा आतमवल के उपयोग से,
"हरि कवीन्द्र" कीर्तित चिन्मय हो जाऊं जो ॥ ५ ॥

श्री नमिनाथ जिन स्तवन

(तर्ज-मैं आया)

श्री नमि जिनवर दर्शन करके दर्शन पाऊं मैं
वस तीन मोहनी प्रथम चोकड़ी दूर भगाऊं मैं ॥ टेर ॥

श्री नमि नमावे अंतर शत्रु, मोह महाभट को।
जिनदेव दयावल पाकर के अव उसे नमाऊं मैं. श्री नमि० १

भव बीजांकुर जनक जगतमें, रागद्वेष ही है।
हो अप्रमत्त उनको भी जड़से शीघ्र उड़ाऊं मैं. श्री नमि० २

श्री वीतरागपद अनुपम ज्योति, प्रकटित होने से ।
प्रभु सत्य सनातन परमातमता निजमें पाऊ मैं श्रीनमि० ३
हो क्षीणकर्म अजरामर अक्षय अपुनर्भव पदमें ।
श्री नमि जिनवर श्री सिद्ध ज्योति में
ज्योत मिलाऊ मै. श्री नमि० ४
यों "हरि कवीन्द्र" कीर्तित पावन प्रभुश्री नमिजिन सेवा ।
शिवमेवा दे आज सहज ही उसको पाऊ मैं श्री नमि० ५

श्री नेमिनाथजिन स्तवन

(तर्ज–एक सुरत)

क्यों कर छोड़ गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ टेर ॥
श्याम सलुनो सखी मेरे मन भावनो–हा मेरे०
क्यों कर विसर गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ १ ॥
जाने थी हूं प्रभु हैं दयालु–हा प्रभु०
निर्दयता कर गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ २ ॥
पशुओं की प्रभु पीड़ा जानी–हा पीड़ा०
मोहे भुलाय गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ ३ ॥
भुली भुली जग प्रीत है झूठी–हा प्रीत०
प्रभु समझाय गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ ४ ॥
झूठी है काया झूठी है माया–हा झूठी०
भेद बताय गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ ५ ॥
राजुल जावे गढ़ गिरनारे–हा गढ०
जहाँ पर प्रभु गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ ६ ॥
"हरि कवीन्द्र" कहे नेमिजिन प्रीति–हा नेमि०
अते निभाय गयो री शिवादेवीको लाड़लो ॥ ७ ॥

श्री पार्श्वजिन स्तवन

(तर्ज—मेरे मौला...)

चिन्ता चूर चिन्तामणि पास प्रभो !
मेरे चिंतित अर्थको पूर प्रभो ! टेर

चिन्तामणि तूं नाथ मेरा, विश्वमें विख्यात है ।
चिन्ताहरण है विरुद तेरा, तूं जगतका तात है ॥
अपने दासकी आशको पूर प्रभो ! चिन्ता० १

जब कि तूं चिंतामणि है, मम हृदय भंडार में ।
दारिद्र्य दुश्मन क्यों सतावे, फिर मुझे संसारमें ॥
करो दारिद्र्य मेरा दूर प्रभो ! चिन्ता० २

भगवान श्री हरिपूज्य तूं, मेरा परम आधार है ।
तेरे चरणके शरणमें, जोडे हृदयके तार है ॥
पूरो "दिव्य कवीन्द्र" में नूर प्रभो ! चिन्ता० ३

श्री महावीर जिन स्तवन

(तर्ज—तुम्हें जैनी झंडा...)

प्रभु महावीर हमें भी बना दो ।
निजी वीरमंत्र हमें भी सुना दो ॥ टेर० ॥

जिते सो जैनी होवे, पर हम हारे ।
हमें जिन सच्चे जैनी बनादो ॥ प्रभु० १

महावीर स्वामी, हमारे हो किन्तु ।
हम डरपोक है, डरको मिटादो ॥ प्रभु० २

दशा हमारी हा ! विगड़ रही है ।
विगड़ी दशाको फिरसे बनादो ॥ प्रभु० ३

चलते हुए हम, हैं पथ भूले ।
कृपा कर पथको, नाथ बतादो ॥ प्रभु० ४

ज्ञानी पिता तुम, हम अज्ञानी ।
जरा प्रभु ज्ञानकी, ज्योति जगादो ॥ प्रभु० ५

क्रिया गति मद, हुई है हमारी ।
कर प्रेरणा प्रभु, तेज बनादो ॥ प्रभु० ६

भाई भाई मे हम लडते ।
प्रभु विश्वप्रेमका पाठ पढादो ॥ प्रभु० ७

"हरि कवीन्द्र" कहे, हमें वीरस्वामी ।
सब शक्ति से पूर्ण बनादो ॥ प्रभु० ८

कलश

(तर्ज—तेरे दर्शनकी बलिहारी राग—धनाश्री)

चौवीस जिन सुखकारी गाया चौवीस० टेर

खरतरगणनायक सुखसागर,
गुरु भगवान पद धारी, गाया चौवीस० १

जिन हरिसागरसूरि सद्गुरु,
भव्यजीव उपकारी गाया चौवीस० २

श्री संघ विनती अजिमगज में,
चउमासा जयकारी गाया चौवीस० ३

षट्मास क्षमणादि तप व्रत विधि,
उत्सव विविध प्रकारी गाया चौवीस० ४

उन्नीस सौ बाणु जिन पारस,
जन्मकल्याणदिन भारी गाया चौवीस० ५

हेमेन्द्रोदय कान्तिसागर,
मुनिवर गण सहचारी. गाया चोवीस० ६

गुरुपद सेवी "दिव्य कवीन्द्र"ने,
निजगुण पावनकारी. गाया चोवीस० ७

इतिश्री जिन स्तवन चतुर्विंशतिका समाप्त

* शुभं भवतु सर्वेषाम् *

जिन गुण कीर्तन केलि

(लघु स्तवन संग्रह)

"प्रभुपद में लीनता"

(तर्ज—जमुनाजीमें खेले)

प्रभु चरणोंमें चित लयलीन भयो रे,
लयलीन भयो रे लयलीन भयो रे. प्रभु० टेर

प्रभु-प्रेम-रज्जु भव-अन्धकूप डूबते।
आतम उद्धार हित पायो नयो रे. प्रभु० १

निबिड मोह अन्धकारको निवारणेके हेतु।
अमिट प्रभु ध्यान दीप पाय गयो रे. प्रभु० २

"हरि कवीन्द्र" वन्द्य श्री जिनेन्द्रदेव पाय।
मुक्ति महेल मैं तो जाय चढयो रे. प्रभु० ३

श्री वीतराग स्वरूपसे प्रेम

(तर्ज—ढूंढ फिरा जग सारा २ सिद्धगिरि सामीना मिला)

वीतराग प्रभु प्यारा मुझे प्यारा सुखकारणा ॥ टेर ॥

भवतरु बीज हैं राग अरु द्वेष,
वे जिनके हुए नाश अशेष,
जो हैं ज्योतिरूप विशेष,
गुण हैं अनन्त अपारा, हैं अपारा भवद्वारणा वीत० १

निन्दक वन्दक भेद न धारे,
समपरिणामी जगत निहारे,
मोहराज को मार पछारें,
ज्ञान प्रधान खजाना, है खजाना दुखवारणा वीत० २

जो नहीं जगके कर्त्ता हर्त्ता,
तो भी जो है त्रिभुवन भर्ता,
कारण रूपे जगदुद्धर्त्ता,
निर्मम अरु निर्विकारा, निर्विकारा चित्तधारणा वीत० ३

पुरुषोत्तम शंकर अवतारी,
शस्त्र न अस्त्र न मालाधारी,
पास नहीं जिनके रहे नारी,
जो हैं निज-पदचारी, पदचारी जयकारणा वीत० ४

त्रिभुवन मे नहीं जिनके सानी,
निज पद पावन पुण्य निशानी,
है हरि पूज्य प्रभु सुखदानी,
दिव्य "कवीन्द्र" गुण गाया, गुणगाया सुविचारणा वीत० ५

हृदयकमलमें प्रभुप्रतिष्ठा

(तर्ज—सोई २ सारी०)

कोमल हृदयकमल सिंहासन, सादर प्रभु पधराऊं रे हाँ ॥टेर॥
मिथ्यामति तम दूर करण को,
गुरुगम दीप जलाऊं रे हाँ. कोमल० १
यम नियमादिक पवन करीने,
कलुषित रजको उड़ाऊं रे हाँ. कोमल० २
सुव्रत सुमनस् सहज सुशान्ति,
सुखसंगति विरचाऊं रे हाँ. कोमल० ३
एकातम हो प्रभु प्रियतम सों,
दुविधा दूर भगाऊं रे हाँ. कोमल० ४
"कवीन्द्र" अगोचर सुख दुःखकी सब,
बातें कहके सुनाऊं रे हाँ. कोमल० ५

प्रभुके द्वार पर

(तर्ज—चल २ चमनके बागमें)

मैं आया तेरे द्वार पर कुछ लेकर जाऊंगा,
अपने सुख दुःख की सारी बातें नाथ सुनाऊंगा. मैं ॥टेर॥
जब कि तेरा कहलाता हूँ, मैं सेवक दुनियामें ।
तब क्यों कर अपना जीवन, दुःखमय नाथ बिताऊंगा. मैं० १
तू वीतराग रहता है इससे, यह दुःख पाता है ।
पर तुझको तज मैं औरोंका नहीं दास कहाऊंगा. मैं० २
अपने अनन्त सुख में से मुझको, तू कुछ देदेगा ।
तो "हरि कवीन्द्र" होकर मैं सुखसे नितगुण गाऊंगा. मैं० ३

प्रभु मे ममत्व

(तर्ज—मेरी आहका असिर)

तूही तूही मेरा तूही तूही मेरा,
तूही प्रभु प्राण आधार है मेरा ॥ टेर ॥
जीवन साथी हे नाथ बनादो,
पडा हूँ शरण बनी चरनन चेरा तूही० ॥ १ ॥
ओर प्रपची अनेक मिले पर,
कुछ भी किसीने न दिल को है घेरा. तूही० ॥ २ ॥
नूरे नूरानी मोहनी मूरत,
एक मिला तू हुआ है निवेरा तूही० ॥ ३ ॥
जाती सही नहीं अब तो जुदाई,
तेरी हजूर मे रहे मेरा डेरा तूही० ॥ ४ ॥
खिदमत के काबिल हे नाथ बनादो,
"हरिकवीन्द्र" मिटा दो बखेरा तूही० ॥ ५ ॥

प्रभुसे प्रार्थना

(तर्ज—जमुनाजीमे खेले)

कहो कैसे सुनाऊ, बीती बतियाँ,
बीती बतियां मेरी बीती बतियाँ कहो० ॥ टेर ॥
जिमि जिमि याद मोहे आवत है तिमि तिमि ।
फटत जात है मोरी छतियाँ कहो० १
जानत है प्रभु तुंही बिन कहे बिन सुने ।
दु:खमय मोरी अन्तर गतियाँ कहो० २
सब दु:ख दूर कर अब प्रभु मेरे तुही ।
"हरि कवीन्द्र" करे कीरतियाँ कहो० ३

प्रभु प्रार्थना

(तर्ज—कही हंसना)

न चाहूं आपसे स्वामी, कि मेरा काम करदेना ।
परं शुभ काम कर पाऊं, यही वल प्रेरणा देना ॥ टेर ॥

हजारों विघ्न बाधायें, उपस्थित हो परन्तु मैं ।
कभी होऊं नहीं विचलित, यही वल प्रेरणा देना ॥ न चाहूं० १

करें यश कोई अपयश वा, करुं पर काम जगहित के ।
"कवीन्द्र" आतमा में बस, यही बल प्रेरणा देना ॥ न चाहूं० २

प्रभु प्रार्थना

(तर्ज—गजल)

अपूरव भावना भगवान, सफल मेरी बने ऐसा ।
तरीका अपनी ज्योति का, दिखादे कर दया मुझको ॥टेर॥

तुम्हीं सर्वज्ञ हो सच्चे, सकल संसार के ज्ञाता ।
न मुझ में ज्ञान है कुछ भी;
सिचादे कर दया मुझको ॥ अपूरव० १

सदा दरवार में स्वामी, रहूं सेवक वना ऐसा ।
पुनित पट्टा"कवीन्द्रों"से,लिखादेना सदा मुझको॥ अपूरव० २

प्रभु प्रार्थना

(तज—मेरी आहका असर)

तुम्हें नाथ नैया तिरानी पडेगी ।
तिरानी पडेगी तिरानी पडेगी ॥ तुम्हे० टेर

तरन तारन है विरुद तुम्हारो प्रभु ।
डूवत नैया तिरानी पडेगी ॥ तुम्हे० १

भवसागर में डूबी जो नैया मेरी ।
तो तेरे विरुद में खामी पडेगी ॥ तुम्हे० २
'हरि कवीन्द्र" की यही विनती है ।
मुक्ति नगरियाँ दिखानी पडेगी ॥ तुम्हे० ३

श्री प्रभु प्रार्थना

(तर्ज—तुम्हे नाथ नैया)

आओ प्रभु यहां आओ आना पडेगा,
घन बादल बन आना पडेगा ॥टेर॥
निज पावन पद ज्योति बिजली,
जगमें प्रभु चमकाना पडेगा आओ० ॥ १ ॥
अनुपम दिव्य दया जल अपना
झटपट प्रभु निकसाना पडेगा आओ० ॥ २ ॥
जीवन वन बस सूख रहा है,
उसको प्रभु सरसाना पडेगा आओ० ॥ ३ ॥
हृदय कमल दल मूंद रहा है,
उसको प्रभु विकसाना पडेगा आओ० ॥ ४ ॥
रोग शोक संताप बढा है,
उसे प्रभु शीघ्र हटाना पडेगा आओ० ॥ ५ ॥
सुखसागर प्रभु सुखकी नदियाँ,
पुण्य प्रवाह बहाना पडेगा आओ० ॥ ६ ॥
हरि पूज्येश्वर जिनशासनमें,
शान्ति लहरियाँ चढाना पडेगा आओ० ॥ ७ ॥
विनती "कवीन्द्र" स्वयं सेवककी,
शिवपथ प्रभु दिखलाना पडेगा. आओ० ॥ ८ ॥

स्तवन

(तर्ज—गुलशन में खिलेंगे दोनो जने)

प्रभु आओ मिले हम दोनों जने,
दोनों जने हाँ दोनों जने. प्रभु० ॥ टेर ॥

प्रभु तूं है बादल, मैं हूं विजली,
पानी होकर वहें हम दोनों जने. प्रभु० १

प्रभु तूं है चन्दा, मैं हूं तारा ।
हिलमिल के खिलें हम दोनों जने. प्रभु० २

प्रभु तूं है सूरज, मैं बनुं किरण ।
प्रकाश करें हम दोनों जने. प्रभु० ३

प्रभु तुम हो धागा, फूल वनुं मैं ।
फिर माला बनें हम दोनों जने. प्रभु० ४

प्रभु तू है भौरा, मैं लट छोटी ।
एक रूप वनें हम दोनों जने. प्रभु० ५

प्रभु तूं सुखसिन्धु मैं हूं नदियाँ ।
एक रस वनें हम दोनों जने. प्रभु० ६

प्रभु तूं है काव्य, मैं हूं "कवीन्द्र"
दिव्य रसको बहावें दोनों जने. प्रभु० ७

तेरा एक ध्यान है

(तर्ज—अफसाना लिख रही हूं)

तेरा एक ध्यान है, जीवनमें भगवान पावन तेरा० ॥ टेर ॥

हय गय रथ चाह नहीं हैं, तन धनकी चाह नहीं हैं ।
तेरा एक ध्यान है, तेरी ही चाह रही है ॥ तेरा० १

नहीं शासन आसन चाहूं, मैं रामा रमा न चाहूं।
तेरा एक ध्यान है, प्रभु कोर कृपाकी चाहूं ॥ तेरा० २

भक्ति कुछ शक्ति नहीं है, मुक्तिकी युक्ति नहीं है।
तेरा एक ध्यान है, परमातम मेरा तू है ॥ तेरा० ३

तू सच्चा साथी मेरा तेरे चरणोंमें डेरा।
तेरा एक ध्यान है, झूठा है जगका फेरा ॥ तेरा० ४

तुम बिन मन चैन न पावे, तन मन अर्पण कर पावे।
तेरा एक ध्यान है, "हरि कवीन्द्र" आतम भावे ॥ तेरा० ५

प्रभुजी आजो मारे देश

(तर्ज—झटपट छाई नागरवेल)

झटपट आज्यो म्हारे देश प्रभुजी झटपट० ॥ टेर ॥

थे म्हें रमता एकठा काई, इण संसार मझार।
अब थे तो दूरे गया काई, परमातम पद धार. प्रभुजी० १

भवबन में भटकू घणो काई, पाऊं दुःख अपार।
प्रीत पुराणी जानके काई, करजो म्हारी सार. प्रभुजी० २

सुना मंदिर मालियां काई, सुनो म्हारो देश।
सुनी म्हारी आतमा काई, था बिन हे परमेश प्रभुजी० ३

थे निसनेही हो गया काई, वीतराग अरिहंत।
मो विरहो किणविध मिटे काई, भाखो श्रीभगवंत प्रभुजी० ४

सुखसागर संसार में काई, समरण सिरि जगपाल।
जिन हरिपूजित आतमा काई, धरे 'कविन्द्र' ध्यान. प्रभुजी० ५

जिनदर्शन महिमा

(तर्ज—घटा घन घोर घोर)

देखो मेरी ओर ओर, करो प्रभु कृपा कोर.
गरीब नवाजा ॥ टेर ॥

सब दर्शन में जिन दर्शनकी. महिमा अपरंपारी ।
जिन दर्शन आराधन से जनहो जिन सम जयकारी ॥
मनुष्य जनम सार, दर्शन अधिकार
पाऊं पद ताजा, गरीब नवाजा देखो० १

पर दर्शन में एक प्रभुकी. रही कल्पना जारी ।
प्रभु अनन्त है जिन दर्शनमें, दर्शनकी बलिहारी ॥
साधे सोई आतमा, होते परमातमा,
पाते शिव राजा, गरीब नवाजा. देखो० २

जिन हरिपूज्य परम गुरु पावन, जिनदर्शन में पाया ।
नित "कवीन्द्र" गाऊं गुण कीरति, निर्मल मन वच काया ॥
वही पद पाऊं आज, सुनो प्रभु जिनराज,
करो यही काजा. गरीब नवाजा. देखो० ३

मनको प्रबोध

(तर्ज—रसिया की)

जिनवर दरिसण पाय मनवा ! तूं क्यों थिर नहीं थाय ॥टेर॥

जिनवर दरिसण दुर्लभ जाणो,
वार वार मिलणो नहीं टाणों,
हां रे ! थारो आयुष एले जाय मनवा ! तूं क्यो० १

भोग रोग से भरे पडे है,
मारग दुश्मन घने अडे हैं,
हाँ रे! थारी चचलता नवि जाय मनवा! तू क्यों० २

भज थिर हो हरिपूज्य प्रभुको,
ज्ञान ज्योतिसे व्याप्त विभुको,
हाँ रे! थारी कीर्ति "कवीन्द्र" जु गाय मनवा! तू क्यों० ३

मोक्षके द्वार

(तर्ज—हम गाये खुशीके गीत)

हम आये प्रभुके द्वार, द्वार शिवपुर के उघड़ गये हो,
अनन्त सुखके सागर निजमे आज उमड़ गये हो,
कि दुर्गति ताले जुड़ गये ॥ टेर ॥

तीरथ तारणहार जड़ता मिटाई देत,
भावुक की भावनामे ज्योतिया जगाई देत,
हो वहिरातमके भाव आज अन्तरमें मुड़ गये हम आये० १

प्रभु रूप लख निज रूपको लखावे हम,
करम भरम भेद खेदको मिटावे हम,
भये अभय हम आज मोह नृप पाव उखड़ गये हम आये० २

जिन हरिपूज्य प्रभु चरण शरण से,
छूट गये सही हम जनम मरण से,
हो यों 'कवीन्द्र" परमातम हो हम ऊचे चढ गये हम आये० ३

सिद्धगिरि स्तवन

(तर्ज—आधार मेरे प्यारे)

तीरथ है तारणहार, द्वार मेरे प्यारे तीरथ० ॥ टेर ॥
नामे भी सच्चा, ठवणा भी सच्चा,
सच्चा है द्रव्ये स्वीकार कार मेरे प्यारे तीरथ० १

भावे भी सच्चा, तीरथ ऐसे,
सच्चा है चारों प्रकार-कार मेरे प्यारे तीरथ० २

हेतु हेतुमद् . विचारणा में
चेतन के चारों आधार-धार मेरे प्यारे तीरथ० ३

ठाणांग भासे, भव्योंको वासे.
बूझे न जो है गमार-मार मेरे प्यारे. तीरथ० ४

चारों गुणानुयोगी निक्षेपा,
वन्दे चतुर विचार-चार मेरे प्यारे. तीरथ० ५

सिद्ध गिरीश्वर, सिद्धिको दाता,
देता है सुख अपार-पार मेरे प्यारे. तीरथ० ६

वो हरिपूज्य "कवीन्द्र" सुवन्दित,
वन्दूं मैं वार हजार-जार मेरे प्यारे. तीरथ० ७

सिद्धाचल स्तवन

(तर्ज—चाहे तारो या न तारो)

चाहूं बना रहूं मै, तीर्थेश के शरण में,
प्राणान्त भी जो हो तो, तीर्थेश के शरण में ॥टेर॥

शत्रुंजयी विमल जल, धारा समान धारा।
होकर वहा करूं मैं, तीर्थेश के शरण में ॥ चाहूं० १

रायण के रुंख जैसे, शुभ भाव नम्र होकर ।
जीवन सफल बनाऊं, तीर्थेशके शरण में ॥ चाहूं० २

वर सूर्यकुण्ड जैसे, गम्भीर तापहारी ।
रसपूर्ण हो रहूं मैं, तीर्थेश के शरण में ॥ चाहूं० ३

नवटुंक के शिखरसम, हो निष्प्रकम्प योगी ।
साधूं स्वसाध्यको मैं, तीर्थेशके शरण में ॥ चाहूं० ४

होऊ "हरिकवीन्द्रों" के भी अगम्य तन्मय।
सिद्धाचल स्वभावी, तीर्थेश के शरण मे॥ चाहू० ५

वीरप्रभु स्तवन

(तर्ज—हेरी यशोदा मैया)

महावीर स्वामी मेरे महावीर स्वामी, ज्योति जगादो मेरे०
निर्बल हू बलशाली तुम्हीं हो, महावीर स्वामी मेरे० ॥टेर॥

मोह अधियारी छाई, मैने नहीं राह पाई।
भटक्यो अनादि अब, प्रकटी पुन्याई॥
प्रभु वाणी सुनी मैने कुछ राह पाई महावीर० १

शक्ति अनती मेरी, कर्मोने घेरी।
प्रभुके दरस झट, प्रकटी न देरी॥
परमातमता पद निकट लगेरी महावीर० २

उमड़ा सुखोंका सागर, भगवान पद पाकर।
हरिपूज्य होकर होऊ, सिद्ध गुणाकर॥
आतम ज्योति जगाऊ "कवीन्द्र" उजागर महावीर० ३

वीरप्रभु स्तवन

(तर्ज—अब तेरे विना कौन मेरा कृष्ण)

वन्दू मे महावीर मेरे पीर हरैया,
आधार एक विश्वके उद्धार करैया॥ टेर०॥

शक्ति नहीं है पास में छाई है बुजदिली।
इससे ही मेरी आतमा रहती है अधखिली॥
शक्ति दो मुझे नाथ महाशक्ति धरैया वन्दू० १

माया महा अन्धेरकी छाया है छा रही।
खाता हूं ठोकरें न मुझे राह मिल रही॥
पथ आओ दिखाओ प. मेरे ज्योति जगैया. वन्दूं० २

सुखसिन्धु है भगवान तूंही मेरा सहारा।
"हरिकवीन्द्र" चाहे दिखादो भवसिन्धु किनारा॥
मेटो अनादि कालका यह भूल भूलैया. वन्दूं० ३

पार्श्वजिन स्तवन

आवोजी आवो प्रभु पास, अपना अन्तर खोलो,
अन्तर खोलो प्रभु पास, कुछ तो मुखसे बोलो ॥टेर॥
विविध ताप संताप, प्रभुजी मुझे सतावे,
करके दया मुझपे नाथ, दर्शन अमृत ढ़ोलो. आवोजी० १

पाऊं मैं शान्ति समाधि, दूरी होय उपाधि,
सुनलो गरीब निवाज, अब तो अन्तर खोलो. आवोजी० २

समता रसभण्डार, स्वामी गुणके सागर,
देकर निज गुण अंश, भरदो मेरो झोलो. आवोजी० ३
वालाजी पास जिणन्दा, तुम गुण गाय "कवीन्द्रा",
मेरी लो सुध बुध आप. मै बालो भोलो. आवोजी० ४

पार्श्वनाथ स्तवन

पारस पार उतारे, हमें इस भवजल से ॥टेर॥
पार्श्वप्रभु तीर्थंकर प्यारे, भविजनके है तारणहारे,
ध्यावो सदा मन निर्मलसे. पारस० १

प्रभुदर्शन है आतम दर्शन, आतमदर्शन अमृत वर्षण,
खिले हृदय कज परिमलसे. पारस० २

कमठ महाशठ हठ प्रभु मेटे, नाग नागपति पद्वी भेटे,
हटे करम हाँ निरमल से पारस० ३

अशरण शरण चरण प्रभु वरके,
दु ख दरिद्रयोरे सुखसागर के,
कर निज अर्पण निश्चल से पारस० ४

जिन हरिपूज्य नमो प्रभु पारस,
पी 'कवीन्द्र" अमृत प्रभुगुण रस,
दूर हटे दु ख दल दलसे पारस० ५

पार्श्वजिन स्तवन

(तर्ज–गोपीचद लडका)

मन मन्दिर में आप पधारो प्रभु पार्श्वजी-
दिल मन्दिर मे आप विराजो पारसनाथजी ॥टेर॥

आप विना सुनु मनमन्दिर, आज भयकर भासे।
सुना घर में जग सहु जाणे,
स्वामी भूत विलासे रे मन० ॥ १ ॥

घर मालिक घर नही सभाले, मिले उजाडणहारा।
घर उजडया सु होसी साहिब,
अपकीरति विस्तारा रे मन० ॥ २ ॥

मैं सेवक स्वामी आशामे, अब तक वचा रहा हु।
आशा ही आशा में अब तो,
वस लाचार भया हु रे मन० ॥ ३ ॥

सुखसागर भगवान है तु तो, श्री हरिपूज्य प्रधाना।
स्वामी समता क्यों कर पाऊ,
मे हु निपट निदाना रे मन० ॥ ४ ॥

"दिव्य कवीन्द्र" सुकीर्तित व्हाला, पार्श्वजिनेश्वर आओ ।
निज सेवक जन आशा पूरो.
मनमंदिर कुं वसावो रे. मन० ॥ ५ ॥

पौष दशमी स्तवन

नित नमुं पारस प्रभु जिनराज,
जिन की महिमा अनुपम आज ॥ टेर ॥
पौष वद दशमी दिन धन धन,
जगमें जनमें जिन जग तात. नित० १
जनम कल्याणक परम पुनीता,
काशी नगरी धन धन धाम. नित० २
अश्वसेन नृप वामाराणी,
धन जिन जनक जननी विख्यात. नित० ३
कुटिल कमठ मद हारक तारक,
नाग नागनी के अभिराम. नित० ४
"हरि कवीन्द्र" सुकीर्तित मैंने,
पायो धन जिन दर्शन सार. नित० ५

पार्श्वप्रभु स्तवन

आश प्रभु पूरे, सिरी चिन्तामणि पास. ॥टेर॥
प्रभु दरसन दुःख दूर निवारे,
रहता न कर्मों का त्रास. आश० १
प्रभु दरस बिन भवमें भटकते,
बढ़ता है मोह का पाश. आश० २
काया माया झूठी जगत की,
साची है दर्शन की वास. आश० ३

प्रभु की ज्योत जीवन में होती,
देती है पुण्य प्रकाश आश० ४
सुखसागर भगवान कृपा से,
होता है विद्या विकाश आश० ५
जिन हरि पूज्य प्रभु पार्श्व फलोदी,
पूरे "कवीन्द्र" की आश आश० ६

श्री नेमिजिन स्तवन

(तर्ज—छोटे से वलमा)

भूलो मत वलमा नेमि श्याम, ये पूरव भव प्रीति,
व्याहन आये गये लौट, यह कैसी है रीति॥टेर॥

पशुओं की सुनके पुकार, वलमा करुणा लाई,
मुझको विसराई गये श्याम, सोचो क्या है नीति भूलो० १

दर्शन कर पाई नहीं नाथ, वस इतना सुन पाई,
श्याम गये गिरनार, मै तो रहगई रोती भूलो० २

विरहा की दिल मेरे आग, वलमा खूब लगाई,
कैसे बुझाई कहो जाय, मुझको वलमा वीती भूलो० ३

अब ना रही कोई आश, मेरे आप सहाई।
आई मे वलमा तोरे पास, दर्शन अमृत पीती भूलो० ४

धन राजुल अवतार, प्रभु से प्रीति लगाई।
माया छिटकाई "सुकवीन्द्र" गावे गुणमय गीती भूलो० ५

नेमिजिन स्तवन

(तर्ज—कव्वाली)

अय नेमि ! प्राण प्यारे, नयनो के अय सितारे,
माता शिवा दुलारे, अय नेमि प्राण प्यारे ॥टेर॥

है प्रीति आठ भव की, तुम तोड़ के उसे भी ।
गिरनार जा रहे हो, अय नेमि प्राण प्यारे. ॥ १ ॥

दिल में सदैव मेरे, है चाह दर्शनों की ।
क्यों दूर हो रहे हो, अय नेमि प्राण प्यारे. ॥ २ ॥

पशुओं को आपने जब, जीवन दिया दयालो ।
मेरा मिटा रहे क्यों, अय नेमि प्राण प्यारे. ॥ ३ ॥

मुझ से हुआ तुम्हारा, सम्बन्ध विश्व में जो ।
तोडे न टूटने का, अय नेमि प्राणप्यारे. ॥ ४ ॥

पावन प्रभु चरण में, अनुगामि भावनासे ।
जीवन करु समर्पण, अय नेमि प्राणप्यारे. ॥ ५ ॥

सुखसिन्धु हे सुभगवन्, हरिपूज्य आप मेरी ।
सुनिये करुण कहानी, अय नेमि प्राणप्यारे. ॥ ६ ॥

प्रभु मानो या न मानो. मेरे लिये तुम्हीं हो ।
"सुकवीन्द्र" वन्द्य पदवी, अय नेमि प्राणप्यारे. ॥ ७ ॥

स्तवन

(तर्ज—आसावरी)

प्रभुजी मैं पापी हूं पूरा, पाऊं दुःख भरपूरा जिनजी० ॥टेर॥
हिंसक झूठा चोर कुकर्मी, महापरिग्रह धारी ।
तारक तूं तीर्थंकर शंकर, तीन लोक हितकारी ॥ प्रभुजी० १

क्रोधी मानी मायी लोभी, अधमाधम अविचारी ।
पापी हूं परवा मत करना, अपना विरुद विचारी ॥ प्रभुजी० २

अधिकारी हूं मै दुर्गति का, तेरा शरणा धारी ।
मैं डूबा तो तेरी निन्दा, होगी हे अविकारी ॥ प्रभुजी० ३

द्रव्य क्षेत्र वर काल भाव ये सुधरेंगे जलचारी ।
तब होऊगा शुद्धाचारी, बहिरातमता टारी ॥ प्रभुजी० ४

अन्तर आतम अविचल भावी, परमातम पदधारी ।
'हरि कवीन्द्र" मन सुमन खिले,
जय जय तू जयकारी ॥ प्रभुजी० ५

दीपावलि स्तवन

(तर्ज-मै वन की चिड़िया)

हे वीर ! विरह दुख सहा न मुझसे जाई,
था स्नेह आपका मुझपर अति सुखदाई रे ॥ टेर ॥

मै इन्द्रजाल माना था, लड़ना प्रभु से ठाना था ।
स्वामी प्रभाव पर वे ही भाव,
मेरे समस्त मिट जाई रे. हे वीर० १

मे आप रूप भूला था, मिथ्यात्व झूले झूला था ।
प्रभु आप दर्श होते प्रकर्ष,
समकित ज्योति प्रगटाई रे हे वीर० २

प्रभु सेवा थी सुखकारी, प्रभु दर्शन भव भय हारी ।
आनन्द कन्द सब दुख द्वन्द,
आमूल चूल विघटाई रे हे वीर० ३

मेरे प्रभु केवलज्ञानी, तीर्थंकर सब गुणखानी ।
अमृत समान वाणी प्रमाण,
भवि प्राणी सुन शिव जाई रे हे वीर० ४

प्रभु वीतराग बड़भागी, मैं तो हू पूरा रागी ।
तज राग भाव रमते स्वभाव,
गोतम शिवपदवी पाई रे हे वीर० ५

जब जब शंका होतीथी, प्रभु कृपा तभी होती थी ।
सविवेक एक उत्तर अनेक,
भ्रम सुनते मम मिट जाई रे. हे वीर० ६

प्रभु सुखसागर भगवाना, श्री जिनहरि पूज्य प्रधाना ।
गौतम गणेश, समरो विशेष,
सेवा "कवीन्द्र" मन भाई रे. वीर० ७

सीमन्धरस्वामी स्तवन

(तर्ज–प्रभातिक कड़खा)

परम परमेश्वरा स्वामी सीमन्धरा,
मम विनय वन्दना को स्वीकारो ।
पूर्वकृत पाप से आप से नाथ मैं,
दूर इस भरत में हूं निहारो ॥ परम० १

आपके निकट में पहुंचने का अतट,
पन्थ है दुःखमय देव मेरा ।
दरस हित तरसता दीन बल हीन मैं,
भरत में ही धरुं ध्यान तेरा ॥ परम० २

द्रव्य गुण सर्व पर्याय को सर्वथा,
देखते दिव्य निज ज्ञान द्वारा ।
पतित दुष्कर्म से चलित निज धर्म से,
हूं मुझे हे प्रभो ! क्यों विसारा ॥ परम० ३

कपटमय मोह नटराज मुझको महा–,
विकट भवरंग में नित नचावे ।
नाचते थक गया आज सिरताज मैं,
फिर नहीं क्यों मुझे तू बचावे ॥ परम० ४

अधम हूं मै पर स्वामी तुझ दास हू,
क्यों न अरदास मेरी विचारे ।
तार सुखसिन्धु भगवान् हरिपूज्य ! तुझ,
विरुद तारक "कवीन्द्रों" उचारे ॥ परम० ५

नवपद स्तवन

(तर्ज–इक सुग पायो मैने)

नवपद भज मना नवपद भज मना,
नवपद भज मना रे-कुमतियाँ टारे पापकी ॥ टेर ॥

अरिहत सिद्ध आचारज पाठक,
मुनिपद सेवा रे, नाशक होगी भवताप की नवपद० १

दर्शन ज्ञान वो चारित्र तप पद,
भवगद हर देवे रे, आतम शक्ति बे माप की नवपद० २

चचलता तज भज नवपद को,
हाँ कर निजपद को ध्यान, होवेगी सुगति आपकी नवपद० ३

नवपद रग सुरग रमणता,
शुभ गुणश्रेणी रे, फैलेगी अपने नाप की नवपद० ४

सुखसागर नवपद भगवान से,
दु खमय डोरी रे, टूटेगी काम चाप की नवपद० ५

नितप्रति गावो मजुल महिमा,
हाँ श्री हरिपूजित रे, नवपद सच्चे मा बाप की नवपद० ६

श्रीपाल मयणा जीवन नवपद,
कीर्ति "कवीन्द्रों" से रे, प्रकटी है उत्तम छाप की नवपद० ७

स्तवन

(तर्ज—छोड़ बाबुल का घर)

करो प्रभुजी नजर, मेरा होवे गुजर,
मैं हूं आन खड़ा ॥ टेर ॥

तूं है तारन तरन, भव दुःख हरन,
मेरा ओर सहारा कोई नहीं. करो० १

कोई शस्त्र धरें, नारी संग करे.
देव सेवे कई फल पाया नहीं. करो० २

तुझ में राग नहीं, कोई दाग नहीं,
वीतराग तेरा सानी ओर नहीं. करो० ३

सुखसिन्धु तुं ही भगवान तुं ही,
परमातम आतम रूप तुं ही. करो० ४

"हरि कवीन्द्र" कहे, तेरे शरण रहे,
वे तो लाख चौरासी में आते नहीं. करो० ५

श्री आमेर तीर्थराज चन्द्रप्रभु स्तवन

(तर्ज—गोपीचंद लड़का)

भवि भावे भेटो चंदा प्रभु भगवान को ॥ टेर ॥

चन्द्र मनोहर लांछन शोभित, शारद चन्द्र समाना ।
प्रभु मुख निरख हरख भर भवदव,
दुस्सह ताप गमाना रे. भवि० १

वीतराग की शान्ति अनूपम. शान्त सरूप बनावे ।
रागद्वेष को दूर हटाकर, परमानन्द निपावे रे. भवि० २

आमेर शहर पुरातन तीरथ. तीरथपति जिन चन्दा ।
पजन वन्दन करते भागे, जनम जनम दुःख द्वन्दा रे. भवि०

सुखसागर भगवान सदा हरि, पूज्य जिनेश्वर स्वामी ।
सेवा से अनहद सुख मेवा, पावे शिवगति गामी रे भवि०५४

उन्नीसे सत्यासी पोषे, कृष्ण एकादशी भारी ।
सघ सहित निज सदूगुरु सगे,
जिनयात्रा जयकारी रे भवि० ५

छगनलालजी टाक चतुर्विध, सघ सुभक्ति सुधारे ।
जिनयात्रा नवनिधि नित विलसे,
कीर्ति "कवीन्द्र" उचारे रे भवि० ६

●

श्री तारंगा तीर्थ स्तवन

(तर्ज—कुण जाणे)

तारगा तीर्थ विहारी, प्रभु भेटे भाव सुधारी रे तारगा० ॥टेर॥

प्रभु अजित जिनेश्वर राया,
दर्शन कर चित्त लुभाया रे. तारगा०
श्री कुमारपाल भूपाला,
जिन चैत्य रचा सुविशाला र तारगा० १

गिरिशिखर समान सुराजे,
गिरिशिखरे शान्ति समाजे रे तारगा० ।
जितशत्रु विजयाराणी,
सुत अजित अजित गुणखाणी रे तारगा० २

दर्शन दे पुनित बनावे
अन्तर अरि दूर भगावे रे तारगा० ।
योगी भोगी जे ध्यावे,
वे परम महोदय पावे रे तारगा० ३

गिरिशान्त गुफा में फिरते,
दिलसे सव दुःख विसरते रे. तारंगा० ।
मोटी वर कोटिशिला पर,
गये शिवपुर कोटि मुनीश्वर रे. तारंगा० । ४

श्री सिद्धशिला सुखकारी,
फरसनतें दुविधा टारी रे तारंगा० ।
सुखसागर श्री भगवाना,
ध्यावें धरी दिल वहुमाना रे. तारंगा० ५

उन्नीसे छयासी वर्षे,
वदि चैत्र चतुरदशी हर्षे रे तारंगा० ।
हरिपूज्य परम गुरु संगे,
यात्रा करी भाव सुरंगे रे. तारंगा० ६

हेमेन्द्र सतीर्थ विहारे,
युग राम-अमर सहचारे रे तारंगा० ।
गुण "दिव्य कवीन्द्र" अगोचर,
पाये जिनदर्शन मन भर रे. तारंगा० ७

उद्‌बोधन पद

(तर्ज—उठ जाग मुसाफिर)

महावीर शरण महावीर बनो,
महावीर बनो महावीर बनो ॥टेर॥

दुःख भी सुखमय बन जायेगा, भय तन मन से मिट जायेगा ।
मृत्यु जीवन बन जायेगा,
जो महावीर बन जायेगा. महावीर० १

दुःख कारण कायरता जानो, भय कायरता है पहिचानो ।
मृत्यु कायरता ही मानो, दुःखमय मृत्यु से जय ठानो ॥
सुखमय निर्भय नित अमर वनो,
महावीर वनो महावीर वनो २

यह देह नहीं आतम अपना, आतम परमातम है अपना ।
यह देह दीखता है सपना, इसमे केवल तपना खपना ॥
प्रभु कोमल भाव विकासी वनो,
महावीर वनो महावीर वनो ३

मै मृत्यु नहीं मै मृत्युजय हूं, भयभीत नहीं मै निर्भय हू ।
दुःख है नहीं मै सुखसागर हू, मै अपना भाग्य विधायक हू ॥
यों उन्नतपद अधिकारी वनो,
महावीर वनो महावीर वनो

जडता जीवन से दूर रहो, चेतनमय पुण्य प्रवाह वहो ।
झंझावातों में अचल रहो, शिवपुर की पावन पंथ गहो ॥
यो "हरि कवीन्द्र" सगीत वनो
महावीर वनो महावीर वनो ५

महावीर जयन्ती गीत

(तर्ज—झडा उचा रहे हमारा)

आज जयन्ती वन्दे वीर, मन्त्र जपे वन्दे वीरम्,
तन से मन से वन्दे वीर वन्दे वीर वन्दे वीरम् ॥ टेर ॥

पूर्ण अहिंसा पालन कर्त्ता, जन जीवन से भव भय हर्ता ।
दुःख दावानल शान्ति सुनीर, वन्दे वीर वन्दे वीरम् ॥१॥

कायर जन हिंसा करते हैं, कर हिंसा हिंसक मरते हैं ।
आत्म अहिंसा धारक धीर, वन्दे वीर वन्दे वीरम्. ॥२॥

सुख दुखदाता ओर नहीं है, सुख दुखदाता कर्म सही है।
कर्म घनाघन शमन समीरं, वन्दे वीरं वन्दे वीरम् ॥ ३ ॥

स्त्री शुद्रों के भी जीवन में, हो विकास घरमें या वनमें।
भीम भवोदधि तारक तीरं, वन्दे वीरं वन्दे वीरम्. ॥ ४ ॥

सुखसागर भगवान हमारे, जिन हरि पूज्यातम अविकारे।
पी "कवीन्द्र" पावन गुण खीरं, वन्दे वीरं वन्दे वीरम्. ॥५॥

महावीरस्वामी महावीरस्वामी

(तर्ज-तुंही तुं तुंही तुं.)

हमें याद आते महावीरस्वामी, महावीरस्वामी महावीरस्वामी,
कहो जय कहो जय महावीरस्वामी,
महावीरस्वामी महावीरस्वामी ॥ टेर ॥

हमें आत्मवादी बनाया है किसने ?
अहिंसा सिखाई हमें ओर किसने ?
करम का भरम भी मिटाया है किसने ?
महावीरस्वामी महावीरस्वामी. हमें० १

हमें स्यादवादी बनाया है किसने ?
दिया ज्ञान का दान परधान किसने ?
बनाया हमें धीर गंभीर किसने ?
महावीरस्वामी महावीरस्वामी. हमें० २

महावीर से थे महावीरस्वामी,
अहिंसक यहाँ एक थे वीर स्वामी,
भवों के दुखों से हुए जो विरामी,
महावीरस्वामी महावीरस्वामी. हमें० ३

सुखों के समुदर महावीरस्वामी,
हैं भगवान जगमे महावीरस्वामी,
हरि पूज्य आतम सदा वीरस्वामी,
महावीरस्वामी महावीरस्वामी हमे० ४

"कवीन्दर" कलपना नही कर सकेंगे
जहाँ देवता के गुरु भी थकेंगे,
सुजन भक्ति के वश जिन्हें गा सकेंगे,
महावीरस्वामी महावीरस्वामी हमे० ॥ ५ ॥

■

प्रभु प्रार्थना रूप स्तवन

(तर्ज–बिना प्रभु पास के देखे)

प्रभुजी दरस दे देना, हृदय में हरस भर देना,
कृपा की कोर कर देना, विनतियाँ मेरी सुन लेना ॥टेर॥

करम का क्लेश है भारी, रहू बेचैन मै इससे।
दया कर दूर कर देना, विनतियाँ मेरी सुनलेना प्रभु० १

तु ही सुख सिन्धु है भगवन्, तुही हरि पूज्य परमातम।
"कवीन्दर" कीर्तियाँ गाता, विनतियाँ मेरी सुन लेना प्रभु० २

■

प्रभु की खोज

भगवन तू कहाँ छिपा है,
मै खोज खोज कर हारा भगवन तू कहाँ छिपा है ॥टेर॥

सूरज चदा तारों मे, मोती हीरा हारों में।
तेरा पाया नहीं है पारा-भगवन तू कहाँ छिपा है ॥ १ ॥

बागों में तुझको ढूढा, फूलों में तुझको खोजा
पाया नहीं खोज सहारा, भगवन तू कहाँ छिपा है ॥ २ ॥

मंदिर में मूरत तेरी, छाया हैं उसमें तेरी,
गुरुओं ने हमें बताया, भगवन तूं कहाँ छिपा है. ॥ ३ ॥
तू सुखसागर है भारी, भगवन तूं है जयकारी,
सुरगणनायक हरि पूजे, भगवन् तूं कहाँ छिपा है. ॥ ४ ॥
तेरी कीर्ति "कवीन्द्र" गावें, गुण रस भवि भंवरे पावें,
मैंने आज तुझे जाना है, भगवन तूं कहाँ छिपा है. ॥ ५ ॥

■

श्री वीतराग महिमा

(तर्ज—नमो रे नमो मंगलमय महावीर)

वीतराग भगवान नमो रे नमो वीतराग भगवान. ॥टेर॥
राग द्वेष को दूर निवारें, करत जगत कल्याण. नमो० १
राग द्वेष से भय बढ़ता,—होता जीव हैरान. नमो० ॥ २ ॥
रागद्वेप नाशक नित समरुं, समरण सुखद विधान. नमो० ॥३॥
वीतराग आतम परमातम, जिन हरि पूज्य प्रधान. नमो० ॥४॥
प्रभु पद कमल "कवीन्द्र" मन भंवरा,
करता गुण रस पान. नमो० ॥ ५ ॥

■

बिगड़ा जीवन

कोमलता है नहीं, नहीं कुछ सरस सुवासा,
भव्य भाव भी नहीं, नहीं सौन्दर्य विलासा ।
कमल नहीं है रहे निकेवल कण्ठक भारा,
जीवन ऐसे बना हुआ है, नरकागारा ॥ १ ॥
चौतरफा हे निकल रही ज्वालाएं भारी,
उमड़ रहा है धूम भयंकर अपरम्पारी ।
बढ़ती ही है जलन, शान्ति का नहीं प्रचारा,
जीवन ऐसे बना हुआ है...नरकागारा ॥ २ ॥

नहीं सुपथका नाम खारकी जड़ भर मारा,
रस की नदिया न है बसे बस मृगजलधारा।
नहीं पुण्य अकूर-सुफल-छाया विस्तारा,
जीवन ऐसे बना हुआ है नरकागारा॥ ३॥

अय कवीन्द्र

(१)

कुटिल कल्पना जाल बिछाकर क्यों फसता है,
रोने के सब साज सजाकर क्यों हसता है।
क्यों अपनासा मान जगत धोखा खाता है,
क्यों बहुविध रस रङ्ग नहीं तू लख पाता है॥

(२)

सर्व नाशके अङ्कुर ये क्यों फूट रहे हैं,
हृत्तन्त्री के तार बता क्यों टूट रहे हैं।
सुर सारे बेसुरे बने तेरे कुण्ठित क्यों,
तू उपेक्षकों के पदमें होता लुण्ठित क्यों॥

(३)

दो रङ्गी दुनियासे तू क्यों कह डरता है,
दिलको देकर दिलके टुकड़े क्यों करता है।
अय दिल बे दिल की बातों मे क्यों पड़ता है,
कविता की बेतुक उड़ान मे क्यों उड़ता है॥

अय कवीन्द्र !

(१)

जिन में त्याग न है वे क्या कुछ कर सकते हैं!।
जिन में न्याय न है वे क्या कुछ कर सकते हैं!॥
दोनों का उत्तर नकार मे होगा कैसे!।
बिना मूलके पेड़ नहीं हो सकता जैसे॥

(२)

बलवानों से निर्बल जन को लड़ते देखे,
और विजय यश भी तब उनको मिलते देखे ।
जब कि उनके दिव्य शक्तियां रही सहायक,
उन्नत होकर तभी बने वे त्रिभुवननायक ॥

(३)

त्याग न्याय अरु दिव्य शक्तियों का हो जैसे,
पूर्णतया सुविकाश सदा कर काम तू ऐसे ।
अय कवीन्द्र ! तव जीवन कविता को तूं गाना,
अपने ओरों के दिलको फिर तू बहलाना ॥

करणी विना कथनी क्या काम की

करण में दृढ़ता यदि है नहीं,
कथन में फिर कौन महत्त्व है ।
कथन के अनुरूप रहे क्रिया,
प्रकटता तब पावन तत्त्व है ॥ १ ॥

जगत में जितने जन धन्य औ,
परम मान्य पवित्र चरित्र है ।
सम रहे उनके कथन क्रिया,
न च कदापि विरोधि-विचित्र है ॥ २ ॥

कथन में बस है जन वीर जो,
अति कुलक्षण संख डफोल से ।
भुवन ताडित वे नित होत हैं,
प्रकट ढ़ोल यथा निज पोल से ॥ ३ ॥

कथन से अति दुष्कर है क्रिया,
पर वही सब को बस मान्य है।
कथनवत् करते इस हेतु से,
सतत सक्रिय साधु वदान्य है ॥ ४ ॥

कथन की तब लों महिमा रहे,
न जब लों जन लक्षित हो क्रिया।
कथन का कुछ मूल्य न है तभी,
जब कि हो जन लक्षित विक्रिया ॥ ५ ॥

बहुत सा कहना यदि छोड़के,
कुछ हितावह काम किया करे।
निज समुन्नति को करते हुए,
जग समुन्नति साधन विस्तरे ॥ ६ ॥

कथन से पहले करले सदा,
सदय बुद्धि सुधा सम सत्क्रिया।
जिमि "सुदिव्य कवीन्द्र" करें स्वय,
अमर कीर्तिको कथा भुवन प्रिया ॥ ७ ॥

माया मोह फन्द को ही, राग द्वेष द्वंद का ही।
उपरि आनन्द को ही, भेद नहीं पाऊं मैं ॥

कपट की केलि को ही, प्रेम की पहेलि को ही।
जीवन सहेली को ही, समझ न जाऊं मैं ॥

तो लों "सुकवीन्द्र" वृन्द, सोचो कर आँख बन्द।
पीछे करो भूरि छंद, बात को बताऊं मैं ॥

भव महाभीमरण, चित्त कोन मिटयो व्रण।
केसे कियो कैसे प्रण, प्राण से निभाऊँ मैं ॥

स्वदेश गौरव

समस्त तीर्थ में स्वदेश तीर्थ तीर्थराज है.
सुदुःखसिन्धु पार हेतु को स्वदेश पाज है।
अनन्य भाव से स्वदेश तीर्थ में फिरा करो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेश के लिये मरो. ॥ १ ॥

स्वदेश में रहे हुए सभी निजात्म रूप है,
स्वदेश राम-राज्य नीति से भरा अनूप है।
स्वदेश के सुवेश को सदैव अंग पे धरो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेश के लिये मरो. ॥ २ ॥

स्वदेश का विधान जीवनोन्नति प्रवाह है,
स्वदेश ही नितांत शांति-पूर्ण एक राह है।
न लाठि-कैद-तोप-फांसि या न अन्य से डरो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेशके लिये मरो. ॥ ३ ॥

विदेश जीवितव्य से स्वदेश मृत्यु है भला,
विदेशभाव लेश भी स्वदेश की बुरी बला।
स्वदेश भावना हमेंश कूट कूट के भरो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेश के लिये मरो ॥ ४ ॥

स्वदेश ही सुदिव्य देवलोक से विशेष है,
सदा सुदुर्गति प्रधान रूप से विदेश है।
स्वदेश पुण्य भूमि को सदैव वंदना करो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेश के लिये मरो. ॥ ५ ॥

स्वदेश साधना अनन्त आत्म सौख्यकारिणी,
स्वतंत्रता प्रचारिणी अशेष पाप हारिणी।
स्व साध्य सिद्धि हेतु को स्वदेश साधना करो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेश के लिये मरो. ॥ ६ ॥

विदेश के विलास सर्वनाश वासना भरें
विकाश के विरोध हेतु दासता दिया करें ।
विदेशभाव छोडके स्वदेश भाव को धरो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेश के लिये मरो ॥ ७ ॥

स्वदेश ही सुरम्य है प्रकाश धाम शाश्वता,
कवीन्द्र खूब हजार है, स्वदेश की महत्त्वता ।
स्वदेश की सुमञ्जु गोद में रमा रहा करो,
स्वदेश के लिये जिओ स्वदेश के लिये मरो ॥ ८ ॥

●

उपदेशक पद

(तर्ज-गजल)

क्या किसी के एक से दिन विश्व में देखे गये ?
क्या कभी बनते बिगड़ते नर नहीं देखे गये ? ॥टेर॥

जो कभी धनवान थे अभिमान से अकड़ तने,
वे दरिद्री दासता करते न क्या देखे गये ? ॥ १ ॥

जो कभी बलवान् बन अपमान करते और का,
क्या न अपमानित हुए आखिर वही देखे गये ? ॥ २ ॥

रावण व दुर्योधन गये जिनका बड़ा आतंक था,
इतिहास पढ़लो अन्त में वे किस कदर देखे गये ? ॥ ३ ॥

करते रहे उपकार जो ससार का निज त्याग से,
"हरि कवीन्द्रो" से सुवदि आज भी देखे गये ? ॥ ४ ॥

कविकुलकिरीट श्री जिनकवीन्द्रसागरसूरीश्वरजी महाराज रचित

बुधिया बत्तीसी

(सोरठा)

ॐ अर्हं गुरुदेव बुधिया मत विसरे कदी ।
करसी सुरनर सेव भवसागर तिरजावसी ॥ १

जिन हरिसागर सूर गुण गिरुआ गुरुराजसु ।
बुधिया भाव सनूर कर सतसंग सुहामणो ॥ २

जिन आणा दिलधार दया धरम सुं दोसती ।
सफल होय संसार बुधिया दुख रेसी नहीं ॥ ३

ज्ञानी गुणी विनीत कलपविरछ सा मानवी ।
बुधिया परम पुनीत वे फल देसी फूटरा ॥ ४

अज्ञानी अविनीत बुधिया वनमें ढूंढसा ।
तन मन वच विपरीत जगमें हे अलखामणा ॥ ५

बुधिया थूं वड़भाग पेली सुं ही चेतजा ।
घरमें लागी आग कुओ खोद्यां कांई हुवे ॥ ६

जोवन तन धनमाल परले होसी एक दिन ।
पाणी पेलां पाल बुधिया थूं तो बांधले ॥ ७

धरम करमसुं हीण हीणाइज करतब करे ।
बुधिया वे मतहीण विण सिंगोरा मानवी ॥ ८

बुधिया होसी घात कर मत संग कुमाणसां ।
विगड्यां पाछे बात स्याण व शोभन पावसी ॥ ९

पेली दे विसवास पाछे जो पलटे परा ।
वे नर करसी वास निहचे बुधिया नरक में ॥ १०

बुधिया देऊ सीख घात म कर विसवास से ।
भलो मागेलो भीख विसवासी री हाथसु ॥ ११

भाग पलटतां पाण जग सारो पलटे परो ।
बुधिया होवे हाण धन इज्जतरी सामटी ॥ १२

पलट्यो थारो भाग बुधिया सत मत छोड़जे ।
सतरी होसी लग्ग धन जस पाछा पावसी ॥ १३

तगदीरों रा खेल बुधिया झूठ न होवसी ।
तिलों मायसु तेल काढण वाला काढसी ॥ १४

कृत करमोरी रेख साह्व कारण लेख ज्यु ।
निजजीवन में देख बुधिया साची होवसी ॥ १५

नरपतियों ने सेव के बुधिया परदेश जा ।
के आराधे देव भाग जितो ही पावसी ॥ १६

करम रेख ने देख प्राक्रम थू छोडे मती ।
यामें मीन न मेख बुधिया वस होंसी फते ॥ १७

बुधिया फाटे गाभ तो कारी लागे परी ।
पिण फाटे जद आभ कारी किसविध लागसी ॥ १८

खावे उधे घोर भारे मारे भोम ने ।
उणमिनखा सु ढोर बुधिया तू जाणे भला ॥ १९

घरसु कर अनमेल ओरों सु मिलता रहे ।
उण मिनखों री गेल बुधिया कर देन चालणो ॥ २०

कृतघन लाख हजार जीवन में मिलसी परा ।
पिण बुधिया उपकार मानण वाला एक दो ॥ २१

तके पराई नार तन धन जस से नास कर ।
कलजुग कालीधार बुधिया वे नर डूबसी ॥ २२

बुधिया ज्ञानी सीख परनारी मत ताक तूं ।
नहीं मांगेलो भीख बदनामी होसी बड़ी ॥ २३

जगमें जो अज्ञान तके लुगाई पारकी ।
हो जासी हेरान बुधिया जन धिक्कारसी ॥ २४

कूप पडशी भांग कुण कुण ने समझावसी ।
विचे अडा मत टांग बुधिया होणी होणदे ॥ २५

वडे ढोल में पोल होवे जद वाजे घणो ।
बुधिया त्यूं ही तोल वडे घरों री रीत ने ॥ २६

सहु वणावे वात अपणी अपणी वारमें ।
बुधिया रुत वरसात ज्युं टररावे भीडका ॥ २७

जगमें कुत्ता काग उण मिनखों सुं तो भला ।
जनम भोम अनुराग जो बुधिया राखे नहीं ॥ २८

जनम भोम री जोड़ बुधिया कोई न कर सके ।
सुरगां भारी खोड उठे न कोई आपणो ॥ २९

जननी रो उपकार पेट उठायो पालियो ।
बदलो देवण वार बुधिया हे क्युं आलसी ॥ ३०

जननी सुं मुखमोड़ अलगा दुनिया दोयसु ।
पत्थर ही सुं होड बुधिया वे तो कररया ॥ ३१

देशकाल अनुसार करणा करतव आपणा ।
ओई धरम अधिकार बुधिया थूं हुसियार हो ॥ ३२

शालिभद्र सज्झाय

ढाल १ ली

(तर्ज–गजल)

हृदय में दानकी महिमा, न मुखसे गाइ जाती है।
बनी जो बात है जगमे, वही तो याद आती है ॥ टेर ॥

परव दिनमे पड़ोसी घर, बनीथी खीर खाने को ।
कहे लख ग्वाल बालक मा, मुझे दो खीर भाती है हृ० ॥१॥

बिना साधन बने कैसे बतादे खीर है बेटा,
सभी लाचार माताये, अरे दु:ख दिन बिताती है हृ० ॥२॥

अबुध वह ग्वाल बालक रो, पड़ा वह रो पडी माता,
अरे किस्मत करामाते, अजब लीला दिखाती है हृ० ॥३॥

पडोसिन आ गई बोली, बता क्यों रो रही है री,
कहे मा हाय! बेटे को न है पर खीर भाती है हृ० ॥४॥

अरे! यह लाल है भूखा, न खाता आज रोटी है,
बताऊ बहिन दु:ख क्या मैं, फटी अब जाती छाती है हृ० ॥५॥

पडोसिन झटसे ले आई, सभी तो खीरके साधन,
बनी मा खुश हुई फिरसे, पडोसिन घर में जाती है हृ० ॥६॥

पधारे मास तपधारी, मुनीश्वर ग्वाल बालक ने,
सुपात्रे खीर वहरा दी, भुवन भर कीर्ति जाती है हृ० ॥७॥

हुआ वह शालिभद्र जिसे, नृपति भी देखने जाता,
दान की दिव्य गाथायें, 'कवीन्द्रो' को सुहाती है हृ० ॥८॥

ढाल २ री

(तर्ज—माला काटे रे जाला जीवका)

दानी सुख पाते ज्ञानी गुण गाते बडे भाव से।
दानी दुनिया में ऊंचे चढ़ जाते सहज सुभाव से ॥टेर॥

चित्त वित्त और पत्त पुनीता, ग्वाल बाल वह पाया;
राजगृही गोभद्र शेठ घर, भद्रा जननी जाया रे. दानी० ॥१॥

शालिभद्र शुभ नाम सलोना, शुभ लक्षण गुणधारी;
यौवन वय बत्तीस सुकन्या, परणे जग जयकारी रे.दानी० ॥२॥

लाख लाखके कंबल सोला सौदागर ले आये;
श्रेणिक महाराजा चतुराइ. लेनेसे नट जाये रे. दानी० ॥३॥

राजा नट जाते सौदागर. मन ही मन अकुलाये;
भद्रा घर सब बेच चुके तब, तन मन धन हरखाये रे. दानी०॥४॥

पटराणी हठ नृप फिर मांगे, बोले तब व्यापारी;
बेच दिये नहीं ग्राहक इच्छा, पूर सके लाचारी रे. दानी० ॥५॥

शालिभद्र महाकीर्ति सुन, राजा उन्हें बुलायें;
सेठानी सविनय राजाको, अपने घर पधरावे रे. दानी० ॥६॥

ऋद्धि सिद्धिको देख देख नृप, अचरजमें भर जावें;
रंग महलमें माँ शालिको, आकर सहज सुनावे रे. दानी० ॥७॥

लाल लाडले भाग योगसे, राजा श्रेणिक आयें;
कहाँ पधरावे आओ उनका, स्वागत हम कर पावे रे. दानी० ॥८॥

शालि बोला मां भखार में. श्रेणिकको भर देना;
'हरिकवीन्द्र' ये पुण्य ठाठ है पुण्य पाठ चित्त देना. दानी० ॥९॥

ढाल ३ री

पुण्य ठाठ वातो नहीं होता, करणी के फल जानो,
करणी करते निज जीवन में, सावधानता ठानो ॥टेर॥

श्रेणिक राजा आया है तो, मा, भखार मे डालो,
शालिभद्र कहता क्या पूछो, करना हो कर डालो पुण्य० ॥१॥

मा हस कहती लाल लाडले, मालिक है वह राजा,
उठो चलो करो दर्शन, घर आया सकल समाजा पुण्य० ॥२॥

माथा ठनका शालिभद्रका. मेरा भी है स्वामी,
अरे पुण्यमें ही है मेरे, कोई भारी खामी पुण्य० ॥ ३ ॥

पुण्य त्यागसे ही होता है, त्यागी हो जाऊंगा,
एक एक नारीको तजकर, साधु हो जाऊंगा पुण्य० ॥ ४ ॥

'हरिकवीन्द्र' त्यागी जीवन धन, पावन आतम योगी,
शालिभद्र सुखमय हो जाते, निर्भय निजपद भोगी. पुण्य० ॥५॥

●

ढाळ ४ थी

(तर्ज—रसिया)

भोग में जीते मरते हैं,
भोग रोग का मूल, भूल जन उसमें करते है ॥टेर॥

यहाँ त्याग पथ विकट त्यागीका आदर होता है।
मरकर भी भगवान् त्यागी नर आखिर होता है. भोग० ॥१॥

है तो ऐसी वात मोह पर, होता दुखदायी,
कायरका नहीं काम वीरनर त्यागी होजाई भोग० ॥ २ ॥

एक एक भावज को तजकर, शालिभद्र भाई;
त्यागी होंगे सुना वहिनने, मनमें अकुलाई. भोग० ॥ ३ ॥

पति स्नान के समय सुभद्रा, अकुलाई रोवे;
पति पूछे धन शेठ कहो प्रिय ! क्या मन दुःख होवे. भोग० ॥४॥

क्या मेरे से या परिजन से, अनुचर से कोई;
हुआ कहो अपमान रंज प्रिय ! बोलो क्यों रोई. भोग० ॥५॥

ना ना नाथ ! न है कुछ ऐसा, भैयाजी मेरे;
एक एक भावज तज साधु हो यह दुःख मेरे. भोग० ॥६॥

क्यों रोती हो त्याग सत्य शिव सुन्दर होता है;
वीर तजे इक साथ भाई क्यों कायर होता है. भोग० ॥७॥

कथनी है आसान कठिन, करनी बस होती है;
कथनी करनी एक रूप जीवन में ज्योति है. भोग० ॥८॥

धन धन्ना तज चला एकदम, आठों सेठानी;
'हरि कवीन्द्र' मन सुमन खिले,
जन जीवन गुण खाणी. भोग० ॥ ९ ॥

ढाल ५ मी

मोह महा बलवान रुलावे जीवको,
मोह भूलावे उत्तम आतम भान जो;
होता है बेभान दुःखी संसार में,
करुण कथा का कारण मोह महान जो. मोह० ॥ १ ॥

इधर नदी और बाघ उधर हा ! हा ! हुआ,
रोती-रोती कहे सुभद्रा नाथ जो;
भाई के त्यागी होने का दुःख था,
त्यागी होते आप अरे ! इक साथ जो. मोह० ॥ २

मानो मानो मत जाओ मालिक सुनो,
माफ करो मैं बोली भोले भाव जो,
आप विवेकी ज्ञानी पुरुष प्रधान हो,
कीडी कटक समान करो न अभाव जो मोह० ॥ ३ ॥

नार मरे गई घर सपत्ति भी न रहे,
होते साधु तो नही कोई बात जो,
समरथ को साधु न होना चाहिये,
भीख मागकर जीना जीवन घात जो मोह० ॥ ४ ॥

जोड़ा जवानी भोग भोग ससार में,
जोग धरेंगे अरे अपन मय साथ जो,
आओ मत जाओ रुक जाओ नाथजी !
पैर पडू मै प्यारे, जोडू हाथ जो मोह० ॥ ५ ॥

धन्ना सेठ कहे सुन वल का क्या पता,
समरथ को ही साधु होना भाग जो,
भीख भिखारी-सी साधु लेते नहीं,
सीख सु देते अभी उत्तम लाग जो मोह ॥ ६ ॥

भेख वसे भगवान् करो अपमान ना,
सत्य और शिव सुन्दर मारग पह जो,
तन मन धन धन साधु पद सेवा करे,
जीवन सुमनस्, विकसित पावन देह जो मोह० ॥ ७ ॥

मोह मिटे प्रकटे जन जीवन ज्योतियाँ,
साधु होते सुखसागर भगवान् जो,
'हरि कवीन्द्र' धन धन्य सुभद्रा कर गये,
आतम साधन मगल मूल विधान जो मोह० ॥ ८ ॥

ढाल ६ ट्ठी

(तर्ज-जाओ जाओ)

उठो छोड़ो कायरता कंवरों, शालिभद्र बड़ भाग;
मौका पाया मत चुक कंवरों, उत्तम आतम लाग. ॥टेर॥

महावीर भगवान् हमारे, तारक तीरथनाथ;
चरण शरण में करें साधना,
चलो अपन सब साथ. उठो० ॥ १ ॥

एक एक को क्या छोड़ो तुम, मोह महा बलवान;
कहीं अरे वह छलकर लेगा,
हो जाओ सावधान. उठो० ॥ २ ॥

शालिभद्र उठ चला तभी, सुन बहनोई की बात;
ऐसे प्रेरक स्वजन मिलें तब,
मानो पुण्य प्रभात. उठो० ॥ ३ ॥

धन धन्ना ने शालिभद्रने, ऋद्धि सिद्धि भंडार;
त्यागी हो वैरागी जगमें,
माना अफल असार. उठो० ॥ ४ ॥

भोग रोगका मूल जान जन, जो तजते संसार;
अजर अमर होजाते आखिर,
शिवरमणी भरतार. उठो० ॥ ५ ॥

शालिभद्र धन धन्ना दोनों, हो जावें अनगार;
प्रभु आदेशे गिरिवैभारे,
जोडे आतम तार. उठो० ॥ ६ ॥

आतम योगी जीना मरना, दोनों मंगल रूप;
'हरि कवीन्द्र' मन सुमनस् विकसे,
नमो नमो गुण भूप. उठो० ॥ ७ ॥

ढाल ६ मी
(तर्ज—आशावरी)

ऐसे धन धन्ना धनशाली,
जिनने जीवन ज्योती जगाली ॥ टेर ॥

वीतराग श्री वीरप्रभुके, चरण शरण अधिकारी,
हुए महाव्रतधारी भारी,
निज पर हित सुखकारी ऐसे० ॥ १ ॥

मा हाथो तप पारणा होगा, वीरप्रभु की वाणी,
भद्रा घर पहुचे श्री शाली
मा न मिली गुणखाणी ऐसे० ॥ २ ॥

राह मिली वुढ़िया शालीको, भावे खीर वहरावे,
शंकित शाली पूछे प्रभुजी,
गत-भव भान करावे ऐसे० ॥ ३ ॥

ज्ञानी आतम-ध्यानी साधु, धन धन्ना धनशाली,
गिरि वैभारे अनशन लेते,
शिव सुखपदवी पाली ऐसे० ॥ ४ ॥

सुखसागर भगवान् दान से सुमनस् खिल जावे,
दान करो मत मान करो नर,
'हरि कवीन्द्र' गुण गावे ऐसे० ॥ ५ ॥

●

सुलसा महासती सज्झाय
(दोहा)

राजगृही जाऊ प्रभो, फरमाओ कोई काम,
धर्मलाभ सुलसा कहो, सदा सुदर्शन धाम ॥ १ ॥

(तर्ज—रसिया)

जगत में श्रद्धा जीवन है,
श्रद्धा जीवन धरें जगतमें, वे जन धन धन है जगत० ॥टेर॥

भक्त चित्त में रहे प्रभु, वह भक्त सदा धन है;
प्रभु चित्त में रहे भक्त वह,
धन्योत्तम धन है. जगत० ॥ १ ॥

सुलसा महासती श्राविका, श्रद्धा में सेंठी;
अम्बड़ उसकी करे परीक्षा,
रही नही हेठी. जगत० ॥ २ ॥

चार दिशा में चार रूप, अम्बड़ आडम्बर में;
गई नहीं वह रही सदा,
श्रद्धा के संवर में. जगत० ॥ ३ ॥

अम्बड़ नतमस्तक हो कहता, धर्मभगिनी धन तू;
धर्मलाभ दे महावीर प्रभु,
है भव्यातम तूं जगत० ॥ ४ ॥

नही सांच को आंच हंमेशा, सांच सांच होता;
रतन कांच के पास रहे पर,
नही कांच होता. जगत० ॥ ५ ॥

सुवरन साधु एकरूप हैं, करो परीक्षा कोय;
सुवरन सुवरन होता सुवरन,
पीतल कभी न होय. जगत० ॥ ६ ॥

प्रभु वीरने याद किया, वह धन सुलसा नारी;
'हरि कवीन्द्र' जन जीवन उपवन,
सुमनस बलिहारी. जगत० ॥ ७ ॥

वीरनिर्वाण सज्झाय

मोह महा दुःखदायी होता है यहाँ,
मोह जीत जन होते हैं भगवान् जो,
मोह सुदर्शन के चारित्र को रोकता,
सब कर्मों में मोह महा बलवान् जो ॥ १ ॥

वीर प्रभु निर्वाण निकट गौतम गये,
दूर देवशर्मा प्रतिबोधन हेतु जो,
विरह जनित दुःख मूर्छा तन मन छा गई,
वीतराग पद पावनतम संकेत जो ॥ २ ॥

मूर्छा मिटते बालक सम रोने लगे,
गणधर गौतम स्वामी करे विलाप जो,
हा ! हा ! ज्ञानी परमगुरु यह क्या किया,
भरा भयकर मन मेरे सन्ताप जो ॥ ३ ॥

ऐसे मौकों मे है मेरे बापजी,
दूर गयों को पास बुलावें लोक जो,
किया निकट को दूर प्रभुजी आपने
क्या बतलाऊं कितना मेरा शोक जो ॥ ४ ॥

जाना होगा हठकर बैठेगा कहीं,
मागेगा यह गौतम केवलज्ञान जो,
दे देते तो खोट खजाने में न थी,
था प्रभु केवलज्ञान अनन्त अपार जो ॥ ५ ॥

अथवा जाना होगा हठ से साथ में,
चलने की ठानेगा गौतम बाल जो,
ले चलते तो नाथ ! न सकड़ाई यहाँ,
होती, होता मैं न यहाँ बेहाल जो ॥ ६ ॥

गौतम गौतम प्यार भरे इस नाम से.
कौन बुलावेगा मुझको हे नाथ जो;
अन्धकार छाया कुछ सूझ न पड़ रही,
दीख रहा नही हन्त ! हाथको हाथ जो ॥ ७ ॥

संशय मेरे अब मैं पूछूंगा किसे,
उत्तर देगा कौन मुझे भगवान् जो;
हा ! हा ! मैं तो आज सर्वथा लुट गया,
जीवन धन तुम विन मैं हूँ वेभान जो ॥ ८ ॥

क्षय उपशम भावों में तरतमता हुई,
प्रकटा नितका सतसंगी सुविधान जो;
'हरि कवीन्द्र' धनवीर प्रभु निर्वाण दिन,
क्षायिक भावे गौतम केवलज्ञान जो. ॥ ९ ॥

आत्मवोध सज्झाय

(तर्ज—केसरिया)

निज को मै भूला फिर भी फिरता हूँ फूला मान में ॥टेर॥
छह द्रव्यों में चेतन केवल, आतम द्रव्य अमोला;
मैं मुझको भूला हूँ जैसे,
गांवडिया जन भोला रे. निज० ॥ १ ॥

एक गाँव से चले कमाने, पांच जने सरवंगी;
घरवालोंने कहा पाँच हो,
ख्याल रखो सव संगी रे. निज० ॥ २ ॥

चलते उतरे नदी परस्पर, गिनें चार जन होते;
मन में दुःख धरते भाई रे,
कहकर वे रोते रे. निज० ॥ ३ ॥

सज्जन सहृदय पूछे कोई, क्यों रोते हो भाई,
बोले भोले पाँच हाय ! हम
चार रहे दुःखदायी रे निज० ॥ ४ ॥

एक एक थप्पड़ दे उनको, पूरे पाँच गिनाये,
धन होगी थप्पड़ वह गुरु की,
आतम बोध बढ़ाये रे निज० ॥ ५ ॥

धर्म अधर्म आकाश अरूपी, जड़ चल जग छ्ठन सा,
पुद्गल द्रव्य सम्बन्ध छूटेगा,
वपुसा वचसा मनसा रे. निज० ॥ ६ ॥

सुखसागर भगवान् परमपद, सुमनस् विकसित निज होता,
'हरि कवीन्द्र' आतम परमातम,
मिटे चार गति गोता रे निज० ॥ ७ ॥

उपदेशक सज्झाय

मान मानव रे, ध्यान तु धरे रे, नहीं रहना,
कड़वी बात कभी मत करना ॥ टेर ॥

बात करनी जो आती नहीं है, बात करने में सार नहीं है,
सुविवेक धरो, सुखसे विचरो, मौन गहना कडवी० ॥१॥

बात मन्त्र समान कही है, करामात भी और नहीं है,
बात लात बने, सुख मात बने, दुःख दहना कडवी० ॥२॥

घर घर में है बातों का झगड़ा, धर्मों में है बातों का रगडा,
कोई तत्व नहीं सार सत्त्व यही, सच कहना कडवी० ॥३॥

बात अमृत रूप बना दो, बात जहर का जोर मिटा दो,
अमरत्व वरो, दुःख दूर करो, बात सहना कडवी० ॥४॥

बात जीवन कुसुम खिलेगा. बात बात में मोक्ष मिलेगा;
'सुकवीन्द्र' कही, कोई झूठ नही, सच गहना. कडवी० ॥५॥

उपदेशक सज्झाय

एक भूपाल है, एक कंगाल है;
क्या बताये अपनी करणी के सब फल पावे ॥टेर॥

एक फूलों की शय्यापे सोता, एक टाट बिछाकर रोता;
एक मोज करें, एक आह भरें, क्या बतायें. अपनी० ॥१॥

एक खाता मिठाई बंगाली, एक खाता है दर दरपे गाली;
जैसा कर्म करें, वैसा जीव भरे- क्या बतायें अपनी० ॥२॥

एक राजा की रानी बनी है. एक बन मेतरानी खडी है;
झाडू देती फिरे. गलियाँ साफ करे, क्या बतायें. अपनी० ॥३॥

एक मोटर की करता सवारी, एक दरपे फिरता भिखारी;
टुकडा दे दो कहे, नयनो नीर बहे, क्या बतायें. अपनी० ॥४॥

एक सेठानी बनकर बोले, एक मगती घर घरपे डोले;
जैसी करणी करे वैसी भरणी भरें, क्या बतायें. अपनी० ॥५॥

'हरि-कवीन्द्र' तुम्हें समझावें, धर्म किया सदा सुख पावे;
जैसी करणी करे, वैसी भरणी भरें, यह चेतावें. अपनी० ॥६॥

बीड़ी त्याग सज़्झाय

(तर्ज-माला काटे रे)

मत पीयो बीड़ी, बीड़ी पीने में भारी पाप है. ॥टेर॥

धूम्रपान से जले कलेजा, कपडे भी जल जायें;
बीडी की अविवेक आग से, सर्वनाश हो जाये रे, मत० ॥१॥

कास श्वास केन्सर की पीडा बीडी बडी बीमारी,
डाक्टर वैज्ञानिक बतलावे जहरनी कोटि व भारी रे मत० ॥२॥

बीडी पीते खोटा खरचा, सो पचास का होता,
बीडी व्यसन सदा दु खदायी, बिगडे बेटा पोता रे मत० ॥३॥

बीडी बदबू घरवालों के, मनमे नफरत होती,
नफरतकी ही असर अरे-निज सन्तानो में होती रे मत० ॥४॥

रहे रात दिन बीडी की लत, नहीं नियम व्रत होता,
मिला अमोला मानव-जीवन, व्यर्थ बिना व्रत खोता रे मत० ॥५॥

बीडी या सिगरेट तमाखूका, जो व्यसन लगाया,
व्यसन दु ख जीवन में जानो, अपने आप बढाया रे मत० ॥६॥

करो तमाखू त्याग त्याग में, सुखसागर की सीमा,
'हरि कवीन्द्र' त्यागी वडभागी, जीवन ज्योति बीमा रे मत० ॥६॥

आत्म घर सज्झाय

(तर्ज–छोड बाबुल का घर)

आओ आतम घर, भटको मत परघर, खूब मौज मिले। ॥टेर॥

जहाँ ज्योति भरी, सुख सिद्धि भरी
जहाँ काल छली बल नाही चले आओ० ॥ १ ॥

जहाँ जन्म नहीं, और मरण नहीं,
पूरणचन्द्र की नित्य कलाये खिले आओ० ॥ २ ॥

जाते ओरों के घर, दु खं डगर डगर,
पथ में रजतम पर्वत खूब मिले आओ० ॥ ३ ॥

'हरि कवीन्द्र' कहे, आतम घर में रहे,
परमातम पद उन्हें सहज मिले आओ० ॥ ४ ॥

मरुदेवी माताकी सज्झाय

(तर्ज—कांटो लागो रे)

माता मरुदेवी यों बोले, भरत तूं सुण ले म्हारी बात;
राज पाट सुख भोगे तूं तो,
दुःखियो थारो तात. भरत० ॥ १ ॥

राज ऋषभरो खोस लियो थे, वो तो हो गयो साध;
खोज खबर नहीं काढे उणरी,
बन गई बडी उपाध. भरत० ॥ २ ॥

होसी भूखो प्यासो अथवा, होसी तिरपत हाल;
रोगी अरे निरोगी किणविध,
होसी म्हारो लाल भरत० ॥ ३ ॥

कद सोवे कद जागे उणरो, क्या है हाल बेहाल;
कठे वसे वो ऋषभ लाडलो,
क्यों नहीं करे संभाल. भरत० ॥ ४ ॥

ठंडी गरमी सहतो होसी, सहतो मानापमान;
थूं तो महेलों में सुख भोगें,
रखे न उणरो ध्यान भरत० ॥ ५ ॥

मीठी बातों बोले थूं तो, करे नहीं पर काम;
समाचार तू लाव ऋषभरा,
भली करेला राम भरत० ॥ ६ ॥

क्यूं थे सोच करो हे दादी, सुण लो म्हारी बात;
सुख संजम यात्रा में विचरे,
परम पूज्य मुज तात. दादी० ॥ ७ ॥

दरसण परसण आज करोंगा, चढ चालो गजराज,
देखो सुन लो समवसरण में,
बैठा श्री जिनराज दादी० ॥ ८ ॥

हरख हृदय में भर भर आवें, आसुडोंनी धार,
आतम री आख्या खुलगी,
अरु भर गयो भाव अपार दादी० ॥९ ॥

कोइ नही किणी रो जगमें, झूठो भव सन्ताप,
वीतराग भावों में बढ़गी,
मा मरुदेवी आप. दादी० ॥ १० ॥

करम काट केवली हो माता, सिद्धरूप हो जाय,
जिन हरिपूज्य परम आतम पद,
गुण कवीन्द्र नित गाय दादी० ॥ ११ ॥

भरत चक्री की सज्झाय

(तर्ज-हा सगीर्जाने पेडा भावे)

हाँ भरत की जाउ बलिहारी,
भोगी योगी बने भावना जग जयकारी रे ॥टेर॥

प्रथम प्रभु के पूत भरतजी, भारत के ये चक्रवरतजी,
छह खण्ड स्वामी आप,
आतमा में अविकारी रे हा भरत० ॥ १ ॥

आठ सिद्धि नवनिधि घर जाके, दिव्य रत्न चौदह ये जाके;
भरे हाजरी देव निरन्तर,
अति बलधारी रे. हा भरत० ॥ २ ॥

बन्धु विरोधी बोधि पावें, आदीश्वर शासन मन लावें,
बाहुबल से करे युद्ध,
सुध समकितधारी रे हां भरत० ॥ ३ ॥

वहुतर सहस नगर वर स्वामी, वत्तीस सहस राय पय नामी;
चउसठ सहस अंत पुर रानी.
सुन्दर सारी रे. हां भरत० ॥ ४ ॥

चोरासी लख हय गय सेना महाभोग जिनके क्या कहना;
महाऋद्धिके स्वामी थे जल,
कमलानुसारी रे हां भरत० ॥ ५ ॥

वैठे थे आदर्श भवन में, अनित्य भावना आई मनमें;
सुखसागर भगवान हुए,
केवल गुण धारी रे. हां भरत० ॥ ६ ॥

सुरगणनायक हरि तव आवें साधुवेश दे सीस नमावें;
करे 'कवीन्द्र' कीर्ति कथा,
आतम उपकारी रे हां भरत० ॥ ७ ॥

रहेनमि-राजुल-सज्झाय

(तर्ज-माला काटे रे. जाला जीवका)

गिरनार गुफा में, साधु रहेनमि धरता ध्यान रे;
चूके संयम सुं राजीमती देवे उनको ज्ञान रे. ॥टेर॥

नेमि प्रभु वन्दन कर आती, राजीमती गुण लीनी;
अंतर संयम रस भीनी थी.
वाहिर वर्षा भीनी रे. गिरनार० ॥ १ ॥

गीले वस्त्र सुकावन हेतु, सती गुफामें जाती;
रहनेमी हो गया विकारी,
वोलें सुन मन भाती रे. गिरनार० ॥ २ ॥

आओ भोगें भोग वुढ़ापे-में फिर साधु होंगे;
क्यों दुःख पाती हो हे भाभी!
हम तुम साथी होगे रे. गिरनार० ॥ ३ ॥

चौकी राजीमती यों बोले, सुन देवरिया मेरा,
नेमि वमन करी है उस पर,
क्यों मन मचला तेरा रे गिर० ॥ ४ ॥

सुन्दरता में आग भरी तुम इस मे जल जाओगे,
सत्य और शिव को पाओ,
तब ही सुख पाओगे रे गिर० ॥ ५ ॥

चाम मढी यह सुन्दर दीखे, मल मूत्रमय काया;
सयम पथ मे दृढ बन जाओ,
छोड़ो ममता माया रे गिर० ॥ ६ ॥

अगधन कुल साप भी वापस अपना विष नहीं लेता,
तुम उत्तम कुलमे जन्मे क्यों
उलटी मे मन देता रे गिरनार० ॥ ७ ॥

हाथी अकुश से वश आता, सती वचन वह आता,
सुध सयमी आतम सुख पाता
'हरि कवीन्द्र' गुण गाता रे गिरनार० ॥ ८ ॥

एकादशी सज्झाय
(तज बलिहारा बलिहारी)

अधिकारी हितकारी जयकारी,
नित मौन है नरनारी ! सुखकारी गुण को धरनारी ॥ टेर ॥
जीवन योधन, वचन विशोधन,
पावन गुण अधिकारी नित० ॥ १ ॥

मन वच काया योग, कर्म बन्ध भोग,
मौन करम क्षयकारी, नित० ॥ २ ॥

मुनि गुण मौन महोदय धारे जन होवे निर्भय,
जाउ मैं नित बलिहारी नित० ॥ ३ ॥

वाद विवाद नाशे, समता पद सुखद विकाशे;
मन वच लब्धि उदारी. नित० ॥ ४ ॥

मौन एकादशी आई, मौन की महिमा गाई;
आराधें शुद्ध बुद्ध धारी. नित० ॥ ५ ॥

सुखसिन्धु भगवान, हरि पूज्य गुणवान;
मौनधारी नरनारी. नित० ॥ ६ ॥

कीर्ति 'कवीन्द्र' गावे, धन जन मौन भावे;
आतम परमातम पदधारी. नित० ॥ ६ ॥

ज्ञानपंचमी सज्झाय

(तर्ज– आपां चालो ए साहेल्यां)

आई ज्ञान पंचमी भावे ज्ञान आराधीयें रे;
सुव्रत वुद्धि साधन दावे. तन मन साधीये रे. ॥ टेर ॥

जाणो ज्ञान हिया की आंख्यां, शिवपुर जावणरी ये पांख्यां;
आवें ज्ञान भावना राख्यां. उद्यम कीजिये रे. आई० ॥ १ ॥

पहले ज्ञान किरिया है पाछे, पहले ज्ञान दया है पाछे;
जाणो ज्ञान सहित गुण आछे. ज्ञान उपावियें रे. आई० ॥२॥

आतम को गुण ज्ञान वडो है सबसुं आगे ज्ञान खड़ो है;
अमृतरस रो ओइ घड़ो है. ज्ञान रस पीजिये रे. आई० ॥३॥

मतिश्रुत अवधि अरु मनपरजा. केवलज्ञान का उंचा दरजा;
ज्ञान से मिटे करम का करजा. विनयें पाइयें रे. आई० ॥४॥

सूरज बादल सुं छिप जावे, चाले जोर हवा खुल जावे;
त्यों ही आतम ज्ञान उपावे, जोर लगाइयें रे. आई० ॥५॥

जो कोई पढ़सी गुणसी आप, पडसी ज्ञान परम गुण छाप,
मिट सी भव भवरा संताप, फरक नहीं जाणिये रे० आई० ॥६॥

पढतों गुणतों कों दे साथ, ज्ञान के दान मे ऊचो हाथ,
राखें सो होवे जगनाथ, भक्ति कर भावियें रे- आई० ॥६॥
ज्ञानें सुखसागर भगवान, ज्ञाने जिन हरि पूज्य प्रधान,
ज्ञाने 'कवीन्द्र' कीरति गान, आतम गुण गाइये रे आई० ॥८॥

मयणासुन्दरी सज्झाय

(तर्ज—आछे लाल)

सुनलो मेरे तात, विनयभरी मेरी बात,
आछे लाल सुख दुःख कर्माधीन है जी ॥टेर॥
झूठा मान गुमान, करते नर अज्ञान,
आछे लाल ज्ञानी जन करते नहीजी सुन० ॥१॥
ओर निमित्त प्रबंध, कर्म लिखा सम्बन्ध,
आछे लाल होता है मानू सदाजी. सुन० ॥ २ ॥
मयणा के ये बोल, भाव भरे अनमोल,
आछे लाल राजा मन भाये नहींजी सुन० ॥ ३ ॥
छोटे मुह बडी बात, करती है दिन रात,
आछे लाल कौन दिया सुख भोगतीजी छोटे० ॥ ४ ॥
क्रोध करे प्रजापाल, चेहरा कर विकराल,
आछे लाल घोर घमडी उच्चरेजी. छोटे० ॥ ५ ॥
मेरी कृपा निःशक, कर दू राजा रक,
आछे लाल तू यहु बोली होगईजी छोटे० ॥ ६ ॥
करमे कोढी योग किये करम तू भोग,
आछे लाल दोष नही मेरा यहाजी छोटे० ॥ ७ ॥
मयणा धर मन धीर, बोली जो तकदीर,
आछे लाल मीन मेख क्या देखनाजी सुन० ॥ ८ ॥
पकडा कोढी हाथ, धार धरम का साथ,
आछे लाल हाहाकारी हो गईजी. सुन० ॥ ९ ॥

गुरु-गम नव-पद जाप, करते मिट गया पाप;
आछे लाल रोग रहा नहीं देहमेंजी. सुन० ॥ १० ॥
पाये मंगलमाल, मयणा अरु श्रीपाल;
आछे लाल 'हरि कवीन्द्र' यश गा रहेजी. सुन० ॥११॥

श्रीवीर का सिद्धान्त

(तर्ज–बोल वन्दे मातरम्)

माल खाना मोक्ष जाता, वीरका सिद्धान्त है;
सत्य शिव सुन्दर सनातन, वीर का सिद्धान्त है. ॥ टेर ॥
कायरों के भाव कायरता, भरे रहते सदा;
वे समज सकते कहो, क्या वीर का सिद्धान्त है. ॥ १ ॥
भोगते है भोग किन्तु भाव में निर्लेप हो;
तो उन्हें योगी बनाना, वीर का सिद्धान्त है ॥ २ ॥
भोग में रहते भरत चक्री प्रमुख ज्ञानी हुए;
भव्य भावों में सुनाता, वीर का सिद्धान्त है ॥ ३ ॥
स्थूलभद्र महामुनि थे भोग के घरमें रहे;
पर महायोगी हुए यह, वीर का सिद्धान्त है ॥ ४ ॥
त्याग इच्छा का यहां जिस, त्याग में रहता नहीं;
मूल है भवरोग का यह, वीर का सिद्धान्त है ॥ ५ ॥
भोगियों के भेख में भी, सिद्ध होते है सही;
सिद्ध पनरा भेद होना, वीर का सिद्धान्त है. ॥ ६ ॥
स्याद्वादी वस्तु में, व्यवहार निश्चय मार्ग है;
शुद्धतम संस्कार करता, वीरका सिद्धान्त है. ॥ ७ ॥
'हरि कवीन्द्रों' के अगोचर, भाव है जो विश्व में;
उनको विशद समझा रहा, श्री वीरका सिद्धान्त है. ॥ ८ ॥

तेरा-रूप अमर है

(तर्ज—आशावरी)

आतम ! तेरा रूप अमर है ।
पावन परमातम पद तेरा, शाश्वत सुखमय घर है,
आतम ! तेरा रूप अमर है ॥ टेर ॥
कर सर्वस्व समर्पण निजका, निजका तू ही वर हैं ।
करम भरम वश भोले भूला,
तू तो ज्योतिर्धर है. आतम० ॥ १ ॥
जिनशासन निज शासन तेरा, तू तो भाव सभर है ।
गुमराही मत हो हे ज्ञानी !
तू तों अजर अमर है । आतम० ॥ २ ॥
मन वच काया जड़ है-तू तो-इनसे अरे उपर है ।
सत्य और शिव सुन्दर तू है,
तू प्रभु परमेश्वर है । आतम० ॥ ३ ॥
शुद्धदेव गुरु पद परमातम, तू ही सुखसागर है ।
तू भगवान है एक अनन्ता,
तू ही पर से पर है । आतम० ॥ ४ ॥
जिन हरिपूज्य "कवीन्द्र" गीत तू, महामहिम पद धर है।
विश्वशान्तिका स्वामी नामी, तुझको किसका डर है ।
आतम ! तेरा रूप अमर है ॥ ५ ॥

स्वारथ की सगाई

(तर्ज—गजल)

किये सम्बन्ध है मैंने, अनेकों से यहाँ उनमें ।
हुआ अनुभव यही मुझको, सभी स्वारथ के साथी है ॥टेर॥

उसी के हेतु हंसते हैं, उसी के हेतु रोते हैं।
सुनो हंसने व रोने में, सभी स्वारथ के साथी हैं ॥१॥

जहाँ तक काम होता है, वहाँ तक नाम लेते हैं।
न होवे काम तो दुश्मन, सभी स्वारथ के साथी हैं. ॥२॥

गधे को बाप कहते हैं, अगरचे काम हो अपना।
उठाते फिर वही जूता, सभी स्वारथ के साथी हैं. ॥३॥

न होगा देह में चेतन, न होगा सांस जो आता।
निकालो जल्दी यों कहते, सभी स्वारथ के साथी हैं. ॥४॥

न रखते एक भी गहना, न निकलेंगे तो काटेंगे.
चितामें फूंक देते फिर, सभी स्वारथ के साथी हैं ॥५॥

कल करेंगे कल करेंगे

(तर्ज नगरी नगरी)

उपदेशक पद

काल काल क्यों करता है रे, काल तुझे खा जायेगा,
बीत गया गर काल बावरें. बीता काल न आयेगा. ॥टेर॥

बचपन बीता जोबन बीता, बुढ़ापा घिर आयेगा।
काम न तब तुझसे कुछ होगा,
फिर बैठा पछतायेगा. काल० १

समय चूक की हूक हृदय में, हरदम लगती जायेगी।
हरे भरे ओ खड़े खेत को,
चिड़ियां तो चुग जायेगी. काल० २

रोले धोले तूं पर कोई तेरे साथ न आयेगा।
बंधी मुठी आया था तूं,
हाथ पसारे जायेगा काल० ३

चेत अचेत न हो हे चेतन, अपना खेत बचा लेना।
जीवनधन सुखसागर हो,
भगवान परमपद पा लेना काल० ४

काल लब्धि परिपाक हुए जन सुमनस खील जाते हैं।
"हरि कवीन्द्र" जन कालजीत का
गीत निरन्तर गाते हैं काल० ५

घटना

(अन्तिम कृति)

मत रहो वेखबर दुनिया में, घटनायें घटती जाती हैं,
जीवन की राहें बदल रही घनघोर घटायें आती हैं ॥टेर॥

बेटा न बाप को बाप कहे तुम चाचा बनना चाह रहे,
यह चाह तुम्हारी झूठी है, घटनाओं को तुम भूल रहे ॥१॥

तुम भूल भले ही जाओ पर, घटनायें भूल न जायेगी,
देखो जीवन सुख में दुःख की, घड़ियां घटनायें लायेगी ॥२॥

मजबूत बनो, मजबूत बनो, तुम महावीर के बच्चे हो,
सोचो झूठे हो या सच्चे हो, तुम पक्के हो या कच्चे हो ॥३॥

कच्चों को कोई स्थान नहीं, घटनायें तुम्हें कुचल देगी,
कुचले जाना है पाप सखे! घटनायें ताप बढ़ादेगी ॥४॥

उठो उठो आलस मोड़ो फिर शक्ति हीनता को छोड़ो,
दौड़ो दौड़ो घटनाओं से, जीवन वेड़ी बधन तोड़ो ॥५॥

वीरों की दासी घटनायें, तुम वीरों के भी वीर बनो,
घटनाओं के निर्माता हो, निज भाग्य विधाता आप बनो ॥६॥

मृत्यु भी उनसे डर जावें, मुक्ति चरणों मे आ जावे,
ये सुमन विकासी घटनायें, है खबरदार वे पा जाये ॥७॥

चिन्तन कणिका

भोले सोचो विचारो बातें ज्ञान की,
वृत्ति तजो अभिमान की ॥टेर॥
ज्ञानी के घर की बातें अजायब,
सुन लो जमीन आसमान की. भोले० १
फिरें अज्ञानी डार-डार ज्ञानी,
खबरें रखें पान-पान की. भोले० २
लोक अलोक की बातें बतावें,
बलिहारी ज्ञानी ज्ञान की. भोले० ३
झूंठे जगत की झूंठी है माया,
झूंठी इच्छा मान-पान की. भोले० ४
अज्ञान से ही हैं कर्म बंधते,
वृत्ति जो दुःख निदान की. भोले० ५
सुख दुःख में सम रहते हैं ज्ञानी,
यह भावना है भगवान की. भोले० ६
"हरि कवीन्द्र" गुरु ज्ञानी की सेवा,
मेवा मिले आन-बान की. भोले० ७

गुरु गुण

(तर्ज—प्रभुपूजा करवा जइये)

सुण मनवा गुरु गुण गाना, गुरु गुण में ही रम जाना;
खूब खजाना. अंतर धन का खुल जायगा. सुण० ॥ १ ॥
जो तुं है गुरुका बन्दा, तो रहे नहीं दुःख द्वन्दा;
सूरज चंदा, सम तू स्वयं बन जायगा. सुण० ॥ २ ॥
गुरु ज्ञान बिना तूं अन्धा, करता है उंधा धन्धा;
करम निबंधा, खाली तूं गोता खायगा. सुण० ॥ ३ ॥
लोहा सुवरन बन जावे, पारस परसंग में आवे;

गुरु वनजावे, जो तू गुरु संग पायगा सुण० ॥ ४ ॥
"हरि कवीन्द्र" का है कहना, गुरु सेवा में चित्त देना,
हित सुन लेना, भवपार तू हो जायगा सुण० ॥ ५ ॥

वीरजन्म वधाई गीत

(तर्ज-बन ३ आये सुघर नरनार)

जय जय आजे वधाई जयकार,
पुत्र जनम महाराज के जय० ॥टेर॥
क्षत्रियकुड में मगलमाला आनन्द आनन्द सार।
पुत्र जनम महाराज के जय० १
धन घडी सुख नरको मे भी छाया, होते पावन अवतार।
पुत्र जनम महाराज के जय० २
प्रसूतिकर्म करें दिशा कुमारिया, भक्ति हृदय में धार।
पुत्र जनम महाराज के जय० ३
मेरु शिखरपर जन्म महोत्सव, इन्द्रादि करते उदार।
पुत्र जनम महाराज के. जय० ४
चेत सुदी तेरस दिन उत्तम, गावे "कवीन्द्र" सुखकार।
पुत्र जनम महाराज के जय० ५

झंडा वंदन

झंडा ऊँचा रहे हमारा, झंडा यह प्राणों से प्यारा,
इस में गौरव भरा हमारा झंडा० ॥ टेर ॥
परमेष्ठि गुण रंग भरा है, झंडे से जीवन सुधरा है।
पचरगा यह झंडा प्यारा झंडा० १
महावीर की ताकत इस में, गुरु गौतम की लब्धि इस में।
झंडे से हो जय-जयकारा. झंडा० २

गुरुदेवोंने इसे बताया, जैन संघ ने इसे उठाया।
झंडा है आदर्श हमारा. झंडा० ३

इस झंडे में रही अहिंसा, दूर करेंगे इससे हिंसा।
इस में बहती जीवनधारा. झंडा० ४

इस झंडे में सत्य प्रतिष्ठा, ब्रह्मचर्य की पावन निष्ठा।
इससे होगा पुण्य-प्रचारा. झंडा० ५

इस झंडे में ज्ञान उजेरा उससे होगा दूर अन्धेरा।
चमकेगा अब सदा सितारा. झंडा० ६

इस झंडे में विशद उमंगे, सुख सागर की सुखद तरंगे।
निर्भय निश्चय शुभ अविकारा. झंडा० ७

निज जीवन गुण उद्भासन में हरि पूज्येश्वर जिन शासन में।
झंडा अनुपम उच्च हमारा. झंडा० ८

स्वयं सेवकाई सिखलाता, झंडा उन्नतपथ दिखलाता।
नित्य "कवीन्द्र" गावे जयकारा. झंडा० ९

गुरुदेव प्रार्थना

(तर्ज—झंडा ऊंचा)

जिन कवीन्द्रसूरीश्वर आओ,
हम सबका दुःख दर्द मिटाओ० ॥टेर॥

दिशि विदिशि अन्धकार छाया, प्रकाश करो हे गुरुवर राया;
दर्शन दे के काज सुधारो. जिन० १

कहाँ जावें हम आके बतावो, शान्तिसुधावृष्टि वरसावो;
भक्तजनों का करो उद्धारो. जिन० २

आश लेके हम आये द्वारे, पूर्ति करदो हमरी सारे;
'दिव्य' करे अरदास विचारो. जिन० ३